卐 श्री सदगुरू देवाय नमः卐 卐ओ३म्卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यः शोकवह्निं जनकात्मजायाः आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 24 ♦अंक 69 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦शनिवार ♦16 दिसम्बर 2023 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

## हॉस्टल में फांसी पर लटका छात्र

### सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय प्रशासन में मचा हड़कम्प

अल्मोड़ा(उद संवाददाता)। सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय परिसर के न्यू ब्वॉयज हॉस्टल में एक छात्र ने फांसी लगाकर जान दे दी। घटना से एसएसजे विश्वविद्यालय प्रशासन में हड़कंप मच गया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्ट मार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। जानकारी के मुताबिक सरकार की आली स्थित एसएसजे कैंपस के न्यू ब्वॉयज हॉस्टल में एक छात्र शनिवार को अपने कमरे में फांसी के फंदे से लटका मिला। सुबह जब वह बाहर नहीं आया तो हास्टल के दूसरे छात्रों ने खिड़की से अंदर झांकर देखा तो छात्र फंदे में लटका हुआ था। आनन फानन में छात्रों ने इसकी सूचना एसएसजे विवि परिसर प्रशासन को दी जिससे कालेज प्रशासन में हड़कम्प मच गया। कुछ ही देर में आत्म हत्या के मामले की खबर पूरे इलाके में फैल गयी। सूचना के बाद कोतवाली अल्मोड़ा व बेस चौकी पुलिस हॉस्टल पहुंची किसी तरह दरवाजा तोड़ पुलिस कमरे में पहुंची लेकिन तब तक छात्र की मौत हो चुकी थी। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। छात्र का नाम मानव बिष्ट बताया जा रहा है जो कि बीए प्रथम सेमेस्टर का छात्र था और नैनीताल जिले (शेष पृष्ठ सात पर)



## विजय दिवस पर वीर सैनिकों के पराक्रम और बलिदान को याद किया

देहरादून(उद संवाददाता)। 1971 के भारत–पाक युद्ध की ऐतिहासिक जीत के 52 वर्ष पूरे होने पर युद्ध के वीर सैनिकों के शौर्य, पराक्रम व बलिदान को याद किया गया। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गांधी पार्क स्थित शहीद स्मारक पर पुष्प चक्र अर्पित कर बलिदानियों को श्रद्धांजलि दी। निदेशालय सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास की ओर से गांधी पार्क में आयोजित विजय दिवस श्रद्धांजलि एवं सम्मान समारोह में पूर्व सैनिकों के साथ ही वीर नारी, वीरता पुरस्कृत व विभिन्न स्कूलों से छात्र–छात्राएं शामिल हुए। सांस्कृतिक टीम ने वीरों को नमन व वंदन करते हुए सांस्कृतिक प्रस्तुति दी। इस मौके पर सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी, जिलाधिकारी सोनिका, राजपुर रोड विधायक खजानदास, पूर्व सैनिक वेलफेयर एसोसिएशन के पदाधिकारी आदि मौजूद रहे। (शेष पृष्ठ सात पर)





## सरकारी नौकरी लगाने के नाम पर पांच लाख की ठगी

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। सरकारी नौकरी लगाने का झांसा देकर पांच लाख की ठगी का मामला सामने आया है। एसएसपी के निर्देश पर थाना पुलिस ने मामले की रिपोर्ट दर्ज कर कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। एसएसपी को दिये प्रार्थना पत्र में भूरारानी निवासी कमला बिष्ट पत्नी विक्रम सिंह ने बताया कि प्लाट बेचने को लेकर उसकी मुलाकात रामपाल सिंह पुत्र चरण सिंह, निवासी 32 सी0बी गंज, शिहोर बरेली, हाल निवासी अम्बिका विहार बस्ती, वार्ड नं0 32 भूरारानी से हुई थी। इसी दौरान रामपाल सिंह ने उन्हें बताया कि आपके कोई रिश्तेदार बेरोजगार है तो वह उनकी सरकारी नौकरी लगा सकता है। कमला बिष्ट के मुताबिक उसकी बातों में विश्वास करके उसने अपने देवर आशीष मेहरा और बलवंत सिंह निवासी बेरीनाग की नौकरी लगाने के लिए बात की। उसने भरोसा दिलाया कि वह दोनों की एसएससी में नौकरी लगवा देगा। जिसमें पांच लाख का खर्चा आयेगा। बातों में विश्वास करके उक्त रामपाल को आशीष मेहरा की नौकरी के लिए तीन लाख और बलवंत की नौकरी के लिए 1 लाख 99 हजार रूपये एकाउंट में डाल दिये गये। जिसके बाद रामपाल सिंह ने कहा कि जल्द ही दोनों को नियुक्ति पत्र मिल जायेगा। काफी समय बीतने के बाद भी न तो नियुक्ति पत्र मिला और न ही पैसे वापस मिले। जब रामपाल सिंह संपर्क किया गया तो (शेष पृष्ठ सात पर)

## सड़क हादसे में ऑटो चालक की मौत

### पत्नी की हालत नाजुक, हरिद्वार से लौटते हुए हाईवे पर बाइक और कार की भिड़ंत

काशीपुर(उद संवाददाता)। एक्सीडेंट में गंभीर रूप से घायल एक व्यक्ति की देर रात एम्स ले जाते हुए रास्ते में मौत हो गई। पुलिस ने मृतक के शव का पोस्ट मार्टम कराकर उसे परिजनों को सौंप दिया। अचानक घटी घटना को लेकर मृतक परिवार में शोक व्याप्त है। कार चालक को वाहन समेत पुलिस ने हिरासत में लिया है। जानकारी के मुताबिक मोहल्ला महेशपुरा हनुमान मंदिर वाली गली काशीपुर निवासी प्रकाश पाल 48 वर्ष पुत्र स्वर्गीय जगदीश प्रसाद पाल ऑटो चालक है। पता चला है कि बीते मंगलवार को वह अपनी पत्नी सुनीता के साथ मोटरसाइकिल पर सवार होकर हरिद्वार से गंगा स्नान करने के बाद वापस घर की ओर लौट रहा था इसी दौरान जसपुर के आसपास हाईवे पर तेज रफ्तार मोटरसाइकिल अचानक असंतुलित होकर अर्टिगा कार संख्या एच आर 55 ए जे/4149 से तेज धमाके के साथ जा टकराई। इस दुर्घटना में मोटरसाइकिल सवार दंपति गंभीर रूप से घायल हुए जिन्हें तत्काल उपचार के लिए काशीपुर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। बताते हैं कि गत शुक्रवार की शाम अचानक प्रकाश पाल की हालत बेहद नाजुक होने पर उसे चिकित्सकों ने एम्स के लिए रेफर कर दिया। एम्स ले जाते हुए चिड़ियापुर के आसपास रास्ते में रात्रि लगभग 2 (शेष पृष्ठ सात पर)



### मौत का हाईवे बन चुका है एन एच 74

काशीपुर। राष्ट्रीय राजमार्ग 74 मौत का हाईवे बन चुका है। हालिया घटनाओं की बात करें तो यह चौथी ऐसी घटना है जिसमें एक्सीडेंट के बाद वाहनों के परखच्चे उड़ गए। और इंसान पलक झपकते काल के गाल में समा गया। प्रत्यक्षदर्शियों की माने तो घटना वाले दिन तेज रफ्तार मोटरसाइकिल पीछे से तेज धमाके के साथ कार से टकराई थी। बाइक चालक द्वारा हेलमेट लगाने के बावजूद सिर में गंभीर चोटें आई। उसकी पत्नी का एक हाथ एक पैर टूट गया। माना जा रहा है कि यदि हेलमेट नहीं लगा होता तो बाइक चालक के सिर के चीथड़े उड़ जाते। नवनिर्मित राष्ट्रीय राजमार्ग 74 पर ट्रैफिक पुलिस (शेष पृष्ठ सात पर)

## आधे अधूरे फ्लाई ओवर को लेकर कांग्रेसियों ने खोला मोर्चा

काशीपुर(उद संवाददाता)। विगत छह वर्षों से फ्लाईओवर निर्माण कार्य आधा अधूरा पड़ा होने के कारण कांग्रेसियों का धैर्य जवाब दे गया। उन्होंने मुख्य चौराहे पर सांकेतिक धरना प्रदर्शन करते हुए शहर की अन्य पांच और समस्याओं के निराकरण को लेकर नारेबाजी करते हुए सरकार के राज काज पर सवाल खड़े किए। ज्ञातव्य है कि काशीपुर में बाजपुर रोड पर निर्माणाधीन फ्लावर एवं रामनगर रोड पर बन रहे फ्लाईओवर का निर्माण कार्य 6 वर्ष बीत जाने के बाद भी अब तक पूरा नहीं हो सका। फ्लाईओवर के आधे अधूरे निर्माण कार्य के कारण शहर की यातायात व्यवस्था पूरी तरह चौपट हो चुकी है। इसी को लेकर आज महानगर कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मुख्य चौराहे पर सांकेतिक धरना प्रदर्शन करते हुए सरकार के राजकाज पर सवाल खड़े किए। कहा कि भाजपा सरकार विकास के नाम पर जनता कीभावनाओं से खिलवाड़ कर रही है। धरना प्रदर्शन करने वालों में अरुण चौहान,शेख अब्दुल अजीज कुरैशी, राशिद फारुकी, जफर मुन्ना, समेत एनएसयूआई, सेवादल, महिला कांग्रेस, किसान कांग्रेस तथा अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ, से जुड़े तमाम कार्यकर्ता व पदाधिकारी शामिल रहे।



## हाथ पैर बांधकर युवक को किया अगवा

### मुरादाबाद ले जाकर जबरन कराया काम

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। ट्रांजिट कैम्प थाना क्षेत्र के एक युवक को जबरन कुछ लोगों ने हाथ पैर बांधकर अगवा कर लिया और उसे मुरादाबाद ले जाकर जबरन उससे मजदूरी कराई। युवक ने भागकर बमुश्किल अपनी जान बचाई। मामले में युवक के पिता ने तहरीर देकर कार्रवाई की गुहार लगायी है। पुलिस को दी तहरीर में तीन पानी डाम निवासी राजेन्द्र पुत्र पूरन सिंह ने बताया कि बीते दिनों उसका पुत्र विशेष सुबह करीब दस बजे तीन पानी डाम की तरफ टहल रहा था तभी उसके पुत्र के साथ कम्पनी में काम करने वाला एक व्यक्ति पुत्र के पास आया और उसे पास में ही घूमकर आने के बहाने बाइक में बैठाकर ले गया। थोड़ी देर बाद उसे वह काशीपुर रोड पर ले गया जहां एक लाल रंग की वैन खड़ी थी उसमें दो लोग पहले से मौजूद थे। राजेन्द्र के मुताबिक तीनों लोगों ने उसके पुत्र को जबरन वैन में बैठा लिया और हाथ पैर बांधकर मुंह में कपड़ा ठूंस दिया। बुरी तरह मारपीट करने के बाद उसे मुरादाबाद के पागवाड़ा तक ले गये यहां पुत्र से जबरन काम करवाया। विशेष किसी तरह मौका पाकर वहां से जान बचाकर भाग निकला। उसने एक होटल में जाकर शरण ली और किसी से फोन लेकर पूरी घटना की जानकारी दी। जिसके बाद उसे मुरादाबाद से रूद्रपुर लाया गया। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## नगदी और जेवर समेटकर महिला प्रेमी संग फरार

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। ट्रांजिट कैम्प क्षेत्र से एक महिला अपने दो बच्चों को छोड़कर प्रेमी के साथ फरार हो गयी। आरोप है कि महिला घर से चालीस हजार की नगदी और सोने चांदी के जेवर भी समेटकर ले गयी। पति ने मामले की तहरीर पुलिस को देकर कार्रवाई की मांग की है। ठाकुर नगर ट्रांजिट कैम्प निवासी महेश कुमार ने पुलिस को दी तहरीर में कहा कि उसकी पत्नी बृहस्पतिवार की शाम बिना बताए (शेष पृष्ठ सात पर)

## सामिया बिल्डर्स के खिलाफ धोखाधड़ी का एक और केस


रूद्रपुर (उद संवाददाता)। सामिया बिल्डर्स के डायरेक्टर सगीर अहमद और मालिक जमील अहमद के खिलाफ धोखाधड़ी का एक और केस दर्ज हुआ है। आरोप है कि दोनों ने लाखों रूपये लेने के बाद फ्लैट किसी और को बेच दिया और पैसे वापस मांगने पर जान से मारने की धमकी देने लगे। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। जे0के0 पुरम मुखानी हल्द्वानी निवासी श्रीमति संगीता पत्नी गोविन्द सिंह ने न्यायालय में की गयी शिकायत में कहा कि उसके पति ने सामिया इंटरनैशनल बिल्डर्स प्रा0लि0 के डायरेक्टर सगीर अहमद पुत्र शकील अहमद खान एवं मालिक जमील अहमद खान निवासी प्लॉट न0 1707 प्रोबो लैबोनी आपर्टमेंट प्रोबो क्रोसिंग रिपब्लिक गाजियाबाद से गुलमोहर कालोनी में प्रथम पर एक फ्लैट 6,75,000 रुपये में बुक किया था। सौदे में तय हुआ था कि वर्ष 2018 तक कब्जा दे दिया जाएगा। सौदे की शर्तों के अनुसार 8 अगस्त 2018 तक विभिन्न तिथियों पर 3 लाख 65 हजार 274 रुपये भुगतान कर दिया गया। जमील अहमद खान व सगीर अहमद खान से उक्त फ्लैट पर कब्जा लेने तथा समस्त धनराशि दिए जाने की बात कही गयी तो सगीर अहमद खान द्वारा बताया गया की उक्त फ्लैट किसी और को बिक्री हो गया है आपको उसके बदले में दूसरा फ्लैट दिलाएंगे दूसरा फ्लैट दिखाने को कहा तो टालमटोल करने लगे जब जमा की गयी धनाशि वापस मांगी गयी तो सगीर अहमद व उसके साथी गाली गलौज करते जान से मारने की धमकी देने लगे। मामले में पुलिस से शिकायत की गयी लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुयी। न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने अब धोखाधड़ी का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गौरतलब है कि इससे पहले भी सामिया बिल्डर्स के खिलाफ धोखाधड़ी के कई केस दर्ज हो चुके हैं।

## चमोली पुलिस का फेसबुक पेज हैक

देहरादून (उद संवाददाता)।साइबर अपराधियों ने चमोली पुलिस का ऑफिशियल फेसबुक पेज हैक कर दिया। फेसबुक पेज पर पुलिस के लोगो वाली तस्वीर को हटाकर वहां आपत्तिजनक तस्वीर लगा दी। घटना के बाद से ही पुलिस महकमे में हड़कंप मचा है। साइबर अपराधियों ने इससे पहले भी उत्तराखंड पुलिस का फेसबुक पेज हैक किया था। शुरुआत में कोई समझ ही नहीं पाया कि ये पुलिस का ऑफिशियल पेज ही है या फिर किसी ने दूसरा पेज बनाया है। इस पर एक अश्लील तस्वीर लगी हुई थी। देखते ही देखते इस पर कमेंट की बाढ़ आ गई थी। लोगों ने इसे उत्तराखंड पुलिस को साइबर अपराधियों की खुली चुनौती के रूप में बताया। कुछ लोगों ने इसे साइबर सुरक्षा के लिए भी खतरा बताया। लोगों का कहना था कि जब पुलिस के सोशल मीडिया अकाउंट ही सुरक्षित नहीं तो आम लोगों की साइबर सुरक्षा किस तरह की जा सकती है।

# उत्तराखंड में नई फिल्म के लिए लोकेशन ढूंढ रहे हैं बॉलीवुड एक्टर अनुपम खेर

## नीले गगन के तले...इंस्टाग्राम पर पोस्ट किया लैंसडौन का मनमोहक वीडियो





देहरादून/लैंसडाउन(उद ब्यूरो)। जो भी देवभूमि उत्तराखंड आता है, सुध-बुध भूलकर यहां की मनोरम वादियों की नैसर्गिक सुंदरता में खो जाता है। इन दिनों अपनी नई फिल्म की शूटिंग के लिए लोकेशन की तलाश में उत्तराखंड आए फिल्म अभिनेता अनुपम खेर को भी यहां की वादियां खूब भा रही हैं। बॉलीवुड के जाने माने एक्टर अनुपम खेर इन दिनों उत्तराखंड की खूबसूरत वादियों में खो गए हैं। अनुपम खेर ने पर्यटन नगरी लैंसडाउन की खूबसूरत वादियों और नीले आसमान का एक वीडियो अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर सदाबहार गीत 'नीले गगन के तले धरती का प्यार पले...' के साथ पोस्ट किया है। इसे अब तक साढ़े पांच हजार से अधिक लोग देखने के साथ ही पसंद कर चुके है। अनुपम खेर ने पर्यटन नगरी लैंसडाउन की खूबसूरत वादियों और नीले आसमान का एक वीडियो अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर सदाबहार गीत 'नीले गगन के तले धरती का प्यार पले...' के साथ पोस्ट किया है। इसे अब तक साढ़े पांच हजार से अधिक लोग देखने के साथ ही पसंद कर चुके है। अनुपम खेर इन दिनों पौड़ी जिले के लैंसडाउन में हैं, जहां वह अपनी नई फिल्म की शूटिंग के लिए लोकेशन तय करने में जुटे हैं। लैंसडौन प्रवास के दौरान अनुपम सदर बाजार से लेकर भुल्ला ताल, चर्च रोड आदि क्षेत्रों का दौरा कर चुके हैं। इस दौरान उन्होंने प्रशंसकों से आत्मीयता के साथ भेंट तो की ही, उन्हें ऑटोग्राफ देकर साथ में फोटो भी खिंचवाई। इंस्टाग्राम पर अनुपम खेर के पोस्ट किए गए लैंसडाउन के वीडियो को भी उनके प्रशंसक काफी पसंद कर रहे हैं। अनुपम खेर की नई फिल्म की शूटिंग लैंसडौन में 10 फरवरी से 20 अप्रैल तक प्रस्तावित है। इसको लेकर लैंसडाउन के निवासियों में खासा उत्साह है। छावनी परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष डा. एसपी नैथानी का मानना है कि लैंसडाउन में फिल्मों की शूटिंग होने से पर्यटन नगरी को नई पहचान के साथ ही यहां के निवासियों को रोजगार का अवसर मिलेगा।

# चीफ फार्मासिस्ट के घर का ताला तोड़ा, जेवर चोरी

नानकमत्ता। रिश्तेदार की शादी में गए खटीमा नागरिक चिकित्सालय के चीफ फार्मासिस्ट के घर का ताला तोड़कर दिन में चोर नकदी और जेवर ले गए। वार्ड पांच निवासी हरीशचंद्र सती खटीमा नागरिक चिकित्सालय खटीमा में चीफ फार्मासिस्ट हैं। बुधवार को वह अपने पड़ोसी को बताकर पत्नी के साथ हल्द्वानी में एक विवाह समारोह में चले गए। बृहस्पतिवार शाम जब पड़ोसी घर की लाइट जलाने गए तो घर के गेट का दरवाजा अंदर से बंद था। आसपास के लोगों ने किसी तरह दरवाजा खोला तो अंदर कमरे का ताला टूटा था और सामान बिखरा था। सूचना पर वह घर पहुंचे। चोर घर में लगे शीशे को तोड़कर अंदर घुसे और ताले तोड़कर अलमारी से सोने की अंगूठी, मंगलसूत्र, कुंडल, दो जोड़ी पाजेब, चांदी के सिक्के, 10 हजार रुपये, गुल्लक के पैसे के साथ ही गणेश और लक्ष्मी की मूर्ति भी ले गए। पीड़ित ने घटना की तहरीर पुलिस को सौंप दी है। सीओ वीर सिंह ने बताया कि पुलिस को रिपोर्ट दर्ज करने के निर्देश दिए हैं। जांच के लिए टीम का गठन कर लिया है। जल्द ही चोरों को पकड़ लिया जाएगा।



# राजस्थान में शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए मुख्यमंत्री धामी

जयपुर। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी राजस्थान के मुख्यमंत्री के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए। सीएम धामी ने राजस्थान के मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्रियों को बधाई दी। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी शुक्रवार को रामनिवास बाग जयपुर, राजस्थान में नवनिर्वाचित मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए। मुख्यमंत्री ने भजनलाल शर्मा के मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। सीएम धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन और भजनलाल शर्मा के कुशल नेतृत्व में राजस्थान सर्वांगीण विकास के पथ पर अग्रसर होगा। उन्होंने कहा कि राजस्थान का नया नेतृत्व राजस्थान को डबल इंजन की तेज गति से सर्वांगीण विकास के नये आयाम स्थापित करने में भी सफल होगा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने डॉ. प्रेम चंद बैरवा और दिया कुमारी को भी राजस्थान के उपमुख्यमंत्री पद की शपथ लेने पर हार्दिक शुभकामनाएं दी।



# सौर ड्रायर के विकास पर किया एमओयू

देहरादून (उद संवाददाता)। आईसीएफआरई-एफआरआई, देहरादून की निदेशक डॉ. रेनू सिंह और मैसर्स न्यू एन.के. इंडस्ट्रीज, यमुनानगर के प्रवीण पराशर के बीच एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। इस समझोते के माध्यम से कृषि उपज, औषधीय पौधों और अन्य एनटीएफपी के लिए एक सौर ड्रायर विकसित किया जाएगा। खाद्य प्रसंस्करण किसानों की आय दोगुनी करने महत्वपूर्ण साधन हो सकता है। ये कृषि, विनिर्माण क्षेत्र और अंतिम उपभोक्ताओं को जोड़ता है। बुनियादी ढांचे के निर्माण के माध्यम से फसल के बाद की बर्बादी को कम करता है और प्रसंस्करण प्रौद्योगिकियों के माध्यम से कृषि उपज में महत्वपूर्ण मूल्य जोड़ता है।



# विजय दिवस पराक्रम का प्रतीकः राज्यपाल

देहरादून(उद संवाददाता)।राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने विजय दिवस के अवसर पर 1971 के युद्ध के दौरान हमारे सशस्त्र बलों द्वारा प्रदर्शित असाधारण वीरता को याद करते हुए अपनी कृतज्ञता व्यक्त की है। पूर्व संध्या में जारी अपने संदेश में राज्यपाल ने कहा कि 1971 के युद्ध के दौरान देश के सशस्त्र बलों द्वारा प्रदर्शित की गई असाधारण वीरता को देश कृतज्ञता के साथ याद करता है और उनके अद्वितीय साहस एवं बलिदान की कहानियां प्रत्येक देशवासी को गौरवान्वित करती हैं। उन्होंने कहा कि प्रत्येक नागरिक को भारतीय सेना के वीर, साहसी, पराक्रमी व समर्पित जवानों पर गर्व है।

# घर से निकला 14 वर्षीय बालक हुआ लापता

काशीपुर(उद संवाददाता)। कोतवाली थाना क्षेत्र से एक 14 वर्षीय बालक बेहद संदिग्ध परिस्थितियों में लापता बताया जा रहा है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामले की गुमशुदगी दर्ज कर गायब बच्चे का पता लगाना शुरू कर दिया। पता चला है कि स्टेडियम के पीछे चामुंडा विहार निवासी नंदराम आर्य का 14 वर्षीय पुत्र सुनील बीते 14 दिसंबर की शाम लगभग 4:00 बजे परिजनों को बगैर बताएं अचानक घर से कहीं चला गया। देर शाम तक वापस घर न लौटने पर परिजनों को इसकी चिंता सताने लगी। उन्होंने तमाम संभावित स्थानों पर गायब बालक की तलाश किया लेकिन उसका कहीं कोई पता नहीं चला। अंत में परिजनों ने मामले की तहरीर पुलिस को दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर गुमशुदगी दर्ज कर गायब बालक का पता लगाना शुरू कर दिया है।

# विजय दिवस पर शहीदों को किया नमन

कालाढूंगी(उद संवाददाता)। पूर्व सैनिक उत्थान संगठन के तत्वावधान में प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी विजय सम्मान दिवस समारोह मनाया गया। सबसे पहले देश शहीदों व सीडीएस कर्नल बिपिन रावत एवं उनके साथ अन्य शहीदों की याद मौन रख व शहीदों के चित्र के आगे दीप जलाकर पुष्प अर्पित किए गए। इस दौरान कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र रावत ने कहा कि 1977 के युद्ध को कौन नही जानता यह एक ऐसा युद्ध था जो अपने आप में इतिहास है। देश के वीर जवानों को वह नमन करते हैं। उन्होंने कहा कालाढूंगी, कोटाबाग एवं ग्रामीण क्षेत्र में सेनानियों व सैनिकों, पूर्व सैनिकों का गढ़ है। भट्ट ने 1971 के भारत पाकिस्तान के साथ युद्ध और भारत की विजय को ऐतिहासिक बताते हुए कहा हम सबको वीर शहीदों, सैनिकों, पूर्व सैनिकों उनके परिवारों का सम्मान करना चाहिए। संगठन के अध्यक्ष लक्ष्मण सिंह देऊपा, चंद्र शेखर कांडपाल, ललित मोहन कांडपाल, गोधन सैनी आदि ने अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम में कृष्ण लारिंग के बच्चों ने देशभक्ति गीतों पर खूब वाहवाही लूटी। समारोह की अध्यक्षता सेवानिवृत्त कर्नल पृथ्वीराज सिंह बिष्ट ने की व संचालन हेमंत सिंह बिष्ट ने किया। इस दौरान ग्रामीण स्वस्थ एवं अनुश्रवण विभाग बजापा नेता सुरेश भट्ट, पूर्व मंडी परिषद अध्यक्ष गजराज बिष्ट,एडीएम रेखा कोहली, तहसीलदार प्रियंका रानी, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष दीप चंद्र सती,विक्रम जंतवाल,शांति मेहरा,कर्नल नवीन चंद्र तिवारी, बी एस रोतेला, थाना प्रभारी नंदन सिंह रावत,त्रिलोक सिंह रावत,हयात सिंह बिष्ट, तारा दत्त समसेर सिंह, खोलिया, मोहन सिंह खोलिया, बलवंत सिंह मेहरा, रविंद्र सिंह दिगारी, गोधन सिंह सैनी,राजेंद्र प्रसाद शर्मा, मनहोर सिंह चौहान, पूरन सिंह मेहरा, यमिंद्र डसीला,गोविंद सिंह मेहरा,विनोद सिंह वसेड़ा,ललित कांडपाल, अजय मेहरा, गंगा सिंह सामंत, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष पुष्कर कत्यूरा, पूर्व राज्यमंत्री शांति मेहरा, बीडीसी संगठन जिलाध्यक्ष गंगा सिंह सामंत, डा, चंद्र शेखर सनवाल, दीवान सिंह बिष्ट, बलवंत मेहरा, हयात सिंह बिष्ट, तारा दत्त जोशी, मोहन सिंह खोलिया, रवि दिगारी, याबिंद्र डसीला, गोधन सिंह सैनी, अजय मेहता, आरपी शर्मा, तारा दत्त रखोलिया, महेंद्र दिगारी, राम सिंह बोरा, पूरन मेहरा आदि उपस्थित थे।



# युवा सिख सम्मेलन की तैयारियों को लेकर बैठक आयोजित

सितारगंज(उद संवाददाता)। 18 दिसम्बर को रुद्रपुर में होने वाले युवा सिख सम्मेलन को लेकर एक बैठक का आयोजन सितारगंज विधानसभा के श्री गुरुद्वारा सिंह सभा बरी में किया गया। युवा सिख सम्मेलन में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने का आवाहन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा प्रदेश मंत्री विकास शर्मा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी लगातार सिख समाज के लिए कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अभी आनंद कारज मैरिज एक्ट को भी मान्यता दी है। साथ ही हेमकुंड साहब में रोपवे लगाने का काम भी शुरू किया है । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लगातार सिखों से जुड़े हुए गुरुद्वारा धार्मिक कार्यों को आगे बढ़ा रहे हैं। उन्होंने करतारपुर साहिब कोडीडोर को खोलने का भी काम किया साथ ही पासपोर्ट की बाध्यता को भी समाप्त किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष सुखदेव सिंह नामधारी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लगातार हम सिखों को सम्मान दे रहे हैं हमारे गुरुओं के पुत्रों के बलिदान पर उन्होंने 26 दिसंबर को वीर बाल दिवस के रूप में बनाने का जो निर्णय लिया है वह ऐतिहासिक है आज तक हमारे गुरुओं की शहादत को किसी भी पार्टी द्वारा सम्मान नही दिया गया। कार्यक्रम का संचालन जरनैल सिंह ज्ञानी ने किया।कार्यक्रम में मुख्य रूप से कुलवंत सिंह काला, लक्खा सिंह , गुरदीप सिंह चौहान, जगजीत सिंह विर्क, लखबीर सिंह बल, अमन विर्क , इकबाल सिंह, संदीप बाजवा, इंद्रजीत सिंह, लखविंदर विर्क आदि उपस्थित थे।



# युवा सिख सम्मेलन में पहुंचने का आहवान



गूलरभोज(उद संवाददाता)। पूर्व कैबिनेट मंत्री अरविंद पांडे के संतोष नगर कैंप कार्यालय पर सिख समाज की एक बैठक आयोजित की गई जिसमें पूर्व कैबिनेट मंत्री अरविंद पांडे ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश आगे बढ़ रहा है अभी और विकास किया जाना बाकी है। उन्होंने 18 दिसंबर को युवा सिख सम्मेलन रुद्रपुर में पहुंचने का आवाहन किया। बैठक में 300 से अधिक वाहन गदरपुर से ले जाने का निर्णय लिया गया। संचालन भाजपा नेता राकेश बंटी ने किया। इस अवसर पर त्रिलोक सिंह, रतन सिंह, हजारा सिंह, अतुल पांडे, हिमांशु सरकार, अनाादिरंजन मंडल, प्रवीण सिंह, संतोष गुप्ता, गुरमेल सिंह आदि उपस्थित थे।

रेरा एप्रूव्ड कालोनी
30 से 60 तक चौड़ी सड़कें,
बड़े-बडे पार्क, गेट बंद कालोनी
90 प्रतिशत तक ऋण सुविधा,
सीवरेज, स्ट्रीट लाईट

डायनामिक गार्डन सिटी
तोमर कंस्ट्रक्शन
श्री राधा स्वामी सत्संग घर गेट नं. 7 के सामने किच्छा रोड, रूद्रपुर
मोबा. 9557222289,7088169159

☞ 100 से 400 गज तक के प्लाट
☞ 100,160, 200 गज विला
☞ खरीदने व बेचने हेतु सम्पर्क करें।
100 से अधिक परिवार रह रहे हैं

जगदीश
कलर लैब
टंडन फोटो स्टूडियो
पासपोर्ट फोटो तुरन्त प्राप्त करें
जनरेटर सुविधा भी उपलब्ध है।
मोबाइल, चिप, डिजिटल कैमरा, पेन ड्राइव, सीडी आदि डिजिटल कार्य तुरन्त बनवायें।
काशीपुर बाईपास रोड,
गुरूनानक कन्या इण्टर कालेज के सामने गली में, रुद्रपुर
E-mail: jagdishcolourlab@gmail.com
Web: jagdishcolourlab.com
05944-246817

# सात लोगों पर गैंगस्टर की कार्यवाही, दो फरार

किच्छा(उद संवाददाता)। कोतवाली पुलिस द्वारा नगर में अपराधों पर नियंत्रण करने के उद्देश्य से सात लोगों पर गैंगस्टर की कार्यवाही की है जिसमें से पांच लोग गिरफ्तार कर जेल में भेज दिया गया है तथा दो फरार हैं। वरिष्ठ उप निरिक्षक विनोद सिंह फर्त्याल ने बताया कि कोतवाली प्रभारी सुंदरम शर्मा के नेतृत्व में नगर को अपराधियों एवं नशे के कारोबारियों से मुक्त करने को लेकर अपराधियों के खिलाफ सक्त कारवाही की जा रही है जिसमें नगर के सातिर अपराधी कासिम पुत्र मोहम्मद हुसैन निवासी वार्ड नंबर 15 कसाई मोहल्ला मोहम्मद हुसैन उर्फ भट्ट निवासी वार्ड नंबर 15 सलमान निवासी वार्ड नंबर 18 के अलावा इस्मैक तस्करी में लिप्त एक ही परिवार प्रकाश पुत्र महेंद्र निवासी ,आनंद पुत्र महेंद्र , किरन पत्नी आनंद, चंदा पत्नी वेद प्रकाश निवासी टीचर कालोनी को गैंग स्टर में निरुद्ध किया है।तथा गैंग स्टर में निरुद्ध चार लोगों को गिरफ्तार कर लिया जबकि दो फरार है।ननुआ पहले से ही जेल में बंद है। इसके अलावा वारंटियों के धर पकड़ का अभियान भी चलाया जा रहा है।जिसके तहत वारंटी इमरान पुत्र असलम,दानिश पुत्र बाहिद निवासी वार्ड नंबर 15 को गिरफ्तार किया है।अपराधियों की धर पकड़ करने की कारवाही में मुख्य रूप से वरिष्ठ उप निरीक्षक विनोद सिंह फर्त्याल, कांस्टेबल विजय कुमार ,मनोज कुमार, चंदन सिंह बिष्ट ,देवराज सिंह, बृजमोहन, जगमोहन, महिला कांस्टेबल गीता आर्य शामिल थे।

किराये हेतु
रूद्रपुर में भगत सिंह चौक पर एक तीन मंजिला मकान ( बेसमेंट सहित ) किराये हेतु उपलब्ध है।
-सम्पर्क करें-
मो. 9012700007

# ब्रह्म ज्ञान से ही मनुष्य के जीवन का उद्धार संभव : माता सुदीक्षा







हल्द्वानी (उद संवाददाता)। सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज एवं राज पिता रमित जी की उपस्थिति में विशाल संत समागम का आयोजन किया गया। जिसमें सद्गुरु माता सुदीक्षा जी महाराज ने कहा यह जो मनुष्य जीवन हमें मिला है यह परमात्मा को प्राप्त करने के परम लक्ष्य के लिए मिला है। जो केवल ब्रह्म ज्ञान के द्वारा संभव है। इस आत्मा को बंधनों से मुक्ति प्राप्त हो जाती है। जिस प्रकार यह स्थान हल्द्वानी नाम भी है कि किसी भी बात का हल मन में परमात्मा के आने से स्वयं हो जाता है। उन्होंने कहा कि परमात्मा को प्राप्त करने के बाद मनुष्य में मानवीय गुण प्राप्त होते हैं जिससे यह जीवन तो सुंदर होता ही है औरों के लिए भी कल्याणकारी होता है। तभी यह मानव जीवन भी पूर्ण होगा।जिस प्रकार प्रकृति को स्वच्छ रखना भी हमारा कर्तव्य है। जिसको हम प्रदूषण न करके वृक्ष लगाकर कूड़े को उचित स्थान पर ही डालने पर शुद्ध किया जा सकता है। उसी प्रकार इस जीवन को स्वच्छ बनाने के लिए मनों का मैल केवल सत्संग से ही धोया जा सकता है। उन्होंने उदाहरण देते हुए समझाया कि जिस प्रकार कस्तूरी मृग अपनी खुशबू को जंगल में इधर-उधर ढूंढता है मगर वह खुशबू उसके अंदर ही निहित होती है, उसी प्रकार इंसान भी परमात्मा को इधर-उधर ढूंढ रहा है लेकिन परमात्मा आत्मा रूप में उसके अंदर विराजमान है। बस यही जानकारी ब्रह्म ज्ञान के द्वारा प्राप्त कर इंसान ईश्वर को और स्वयं को जान जाता है। जिसके पश्चात मुक्ति संभव है।जीवन में अहंकार आता है तो अनेक विकार जीवन में स्वत ही उत्पन्न हो जाते हैं और जब अहंकार समाप्त होता है तो समर्पण भाव जीवन में होना संभव है। जैसे लोहे का जंग उसे लोहे को अंदर से ही कमजोर कर देता है उसी प्रकार अहंकार भी मन को कमजोर कर देता है।फिर जीवन में नेगेटिव भाव आने संभव है अगर इस परमात्मा के साथ मन को लगा कर रखेंगे फिर जीवन में मन में पॉजिटिविटी सकारात्मकता ही बनी रहेगी और मन भक्ति में लगा रहेगा। सत्संग कार्यक्रम में भवाली, बेतालघाट, बरेली, नैनीताल, भीमताल, पंतनगर, रुद्रपुर, बिलासपुर, रामपुर आदि स्थानों से सैकड़ो श्रद्धालुओं ने सद्गुरु का आशीर्वाद प्राप्त किया। समागम के समापन पर जोनल इंचार्ज पीएस चौधरी ने सतगुरु माताजी एवं रमित जी का धन्यवाद प्रकट करते हुए सेवादल केअधिकारियों प्रशासन नगर निगम ग्राउंड ट्रस्ट और समागम को सफल बनाने में सहयोगी सभी बहन भाइयों को धन्यवाद देते हुए समागम की बधाई प्रेषित की।

# विजय दिवस पर क्रॉस कन्ट्री रेस आयोजित

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। खेल निदेशालय उत्तराखण्ड के सौजन्य एवं जिला प्रशासन के मार्गदर्शन में जिला खेल कार्यालय, ऊधमसिंह नगर के तत्वाधान में विजय दिवस के उपलक्ष्य में जनपद स्तरीय अण्डर-16 बालक एवं बालिका क्रॉस कन्ट्री रेस प्रतियोगिता का आयोजन मनोज सरकार स्पोर्ट्स स्टेडियम में किया गया। प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्य अतिथि भूपेन्द्र सिह रावत जिला युवा कल्याण अधिकारी ऊधमसिंह नगर द्वारा किया गया। उन्होंने अपने सम्बोधन में खिलाड़ियों को खेलों में सरकार द्वारा किये जा रहे प्रयासों की सराहना की एवं खेल के माध्यम से खिलाड़ियों को उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। प्रतियोगिता का संचालन हरीश राम एथलेटिक्स प्रशिक्षक द्वारा किया गया। इस अवसर पर मोहित रावत सहायक प्रशिक्षक, धीरज जोशी, सतनाम बाला, आशीष डे, सुधा जोशी, प्रगति दुम्का, गोविन्द परिहार एवं खेल विभाग के समस्त कार्मिक उपस्थित रहे। अंत में जिला क्रीड़ाधिकारी, गिरीश कुमार द्वारा मुख्य अतिथि एवं सभी खिलाड़ियों एवं खेल प्रेमियों का आभार व्यक्त किया गया।



# हीमोग्लोबिन जांच शिविर का आयोजन

गदरपुर (उद संवाददाता)। एनीमिया मुक्त भारत प्रकल्प के अंतर्गत अरोरा क्लिनिक एंड पैथोलॉजी, कुंज विहार कॉलोनी, गदरपुर के सहयोग से एक हीमोग्लोबिन जांच शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ मां भारती और विवेकानंद जी की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन के पश्चात वंदे मातरम गीत से किया गया। शिविर में कुल 50 महिलाओं के हीमोग्लोबिन की जांच की गई जिसमें से 15 महिलाएं एनीमिया ग्रसित पायी गयी जिन्हें कढ़ाई, गुड़, चना, आयरन और कीड़ों की दवाइयां वितरित की गई। उन्हें अपने खाने में लौह प्रचुर पदार्थ जैसे अनार, चुकंदर, गाजर, पालक आदि भी शामिल करने की सलाह दी गयी। कार्यक्रम में शाखा महिला संयोजिका श्रीमती ज्योति ग्रोवर, शाखा एनीमिया मुक्त भारत प्रकल्प संयोजिका श्रीमती राशि मदान, शाखा अध्यक्ष डॉ प्रमोद गगनेजा, शाखा सचिव प्रमोद बजाज एवं शाखा कोषाध्यक्ष श्री संजीव अनेजा जी के अतिरिक्त शाखा के अन्य सदस्य भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का अंत राष्ट्रीय गान गायन और अल्पाहार वितरण के साथ किया गया।






## कुमाऊं कमिश्नर दीपक रावत का बड़ा एक्शन

# इग्नू की परीक्षा में पकड़े 'सेलेक्टिव' नकलची

### रोते हुए भाई बहन बोल : भविष्य बर्बाद हो जाएगा सर.. कमिश्नर ने वीडियो बंद करवा दिया

रुद्रपुर(उद ब्यूरो)। कुमाऊं कमिश्नर के एक्शन से कॉलेज प्रशासन में हड़कंप मचा हुआ है। शुक्रवार को डिग्री कॉलेज में दोपहर दो बजे से इग्नू की एमबीए चतुर्थ सेमेस्टर की परीक्षा चल रही थी। शाम करीब साढ़े चार बजे अचानक कमिश्नर रावत कॉलेज पहुंचे और कमरा नंबर 11 में औचक निरीक्षण किया। उन्होंने कमरे में मोबाइल से नकल करते तीन परीक्षार्थियों को पकड़ा और नकल में इस्तेमाल मोबाइल भी बरामद कर लिए। कमिश्नर के औचक निरीक्षण से कॉलेज प्रशासन में खलबली मच गई। कमिश्नर ने प्राचार्य डॉ. डीसी पंत से कहा कि परीक्षा कक्ष में मोबाइल से नकल हो रही थी और आप क्या कर रहे थे। उनके कई बार पूछने पर छात्राओं की ओर से नकल करने की बात नहीं स्वीकारी तो उन्होंने खाली पेज दिए। छात्राओं से कहा कि एक जवाब जो कापी पर आपकी ओर से लिखा गया है उसे कोरे कागज पर लिखकर दिखा दें। एक छात्रा ने हिम्मत जुटाकर कागज पर लिखा मगर दूसरी छात्रा ने कागज पकड़ा, लेकिन लिख नहीं सकी। कागज पर जवाब लिखने के बाद कमिश्नर ने कापी में लिखे जवाब से मिलान किया तो बहुत अलग पाया। इसके बाद



कमिश्नर ने कहा कि उन्हें झूठ से नफरत है। सच बोले वरना पुलिस को बुला लेंगे। इसके बाद छात्रा ने रोते हुए स्वीकारा कि मोबाइल पर डाउनलोड पीडीएफ से नकल की जा रही थी। उसके भाई ने भी नकल की बात स्वीकारी। इस दौरान एक पुलिसकर्मी ने मौके का वीडियो बनाया तो छात्रा ने रोते हुए कमिश्नर से सोशल मीडिया पर अपलोड नहीं करने की गुजारिश की। बोली कि इससे उनका भविष्य बर्बाद हो जाएगा जिस पर कमिश्नर ने वीडियो बनवाना न सिर्फ बंद करवा दिया बल्कि नाम सार्वजनिक नहीं करने की बात भी कही। कमिश्नर ने कक्ष में परीक्षा के लिए बनाए गए सिटिंग प्लान की जांच तहसीलदार से कराई थी जिसमें पता चला कि प्लान के विपरीत परीक्षार्थी परीक्षा दे रहे थे। छात्रा का मोबाइल जांचा तो उसकी हिस्ट्री डिलीट की गई थी। इससे पूर्व भी दो परीक्षाओं में परीक्षार्थियों की ओर से नकल करने की बात सामने आ गई। कमिश्नर ने कहा कि वह पुरानी परीक्षा पर नहीं जा रहे हैं और आज की हुई तीनों की परीक्षा को निरस्त करने की कार्यवाही होगी। दीपक रावत कुमाऊं कमिश्नर। के अनुसार देहरादून से सूचना मिली थी कि सेलेक्टिव छात्र मोबाइल से परीक्षा देते हैं। उन्होंने परीक्षा कक्ष में तीन परीक्षार्थियों को मोबाइल से नकल करते पकड़ लिया। विजिलेटरों ने भी डयूटी में समझौता कर रखा था। दूसरे कक्ष के परीक्षार्थियों के मोबाइल कक्ष के बाहर थे मगर इस कक्ष परीक्षार्थियों के पास मोबाइल थे। पीडीएफ डाउनलोड कर नकल की जा रही थी। कमरे में सीसीटीवी नहीं थे, लेकिन महाविद्यालय प्रशासन को मल्टीपल स्तर पर निगरानी करनी चाहिए थी। सरकार भी चाहती है कि नकलविहीन परीक्षा हो। प्राचार्य को निर्देश दिए गए हैं कि परीक्षा कक्ष में तैनात दो विजिलेटर और एक कर्मी को कारण बताओ नोटिस जारी करें। इसके अलावा परीक्षा में नकल करने वालों की रिपोर्ट संबंधित विभाग को भेजी जाएगी।

### परीक्षा कक्ष में मोबाईल से पीडीएफ डाउनलोड कर की जा रही थी नकल

रुद्रपुर। एसबीएस राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में इग्नू की एमबीए चतुर्थ सेमेस्टर की परीक्षा के दौरान कुमाऊं कमिश्नर दीपक रावत ने एक परीक्षा कक्ष में औचक निरीक्षण किया। उन्होंने भाई बहन सहित तीन परीक्षार्थियों को मोबाइल से नकल करते पकड़ लिया। उन्होंने कक्ष में ड्यूटी पर तैनात कर्मियों पर नाराजगी जताई और प्राचार्य को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। साथ ही तीन परीक्षार्थियों की नकल की रिपोर्ट संबंधित विभाग को भेजने की बात कही है। जब कमिश्नर प्राचार्य डीसी पंत सहित तमाम प्रोफेसर कक्ष में पहुंचे। कमिश्नर ने तीन परीक्षार्थियों की कापी ली और उसमें लिखे गए जवाब के बारे में जानकारी ली लेकिन परीक्षार्थी कापी में लिखे गए जवाब नहीं बता सके। तीन परीक्षार्थियों में दो भाई-बहन और एक अन्य छात्रा थी। दो छात्राएं तो कमिश्नर के सवालों के जवाब कुछ कुछ देती रही मगर छात्र खामोश रहा। इसके अलावा उन्होंने मोबाइल से नकल करने पर कड़ी नाराजगी जताई। परीक्षा हॉल में तैनात तीनों कर्मियों ने परीक्षा कक्ष में मोबाइल होने की जानकारी स्वीकारी। करीब पौने घंटे की पूछताछ के बाद एक छात्रा ने मोबाइल पर अपलोड किए पीडीएफ से नकल करने की बात कबूली। इस दौरान कॉलेज परिसर में छात्र नेताओं और छात्रों का भारी जमावड़ा लगा रहा।






# एसटीएफ ने पांच वर्ष से फरार ईनामी शातिर हत्यारा किया गिरफ्तार

### हत्या के एक मामले में 16 दिन में 50-50 हजार के दो इनामी गिरफ्तार

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। उत्तराखंड एसटीएफ द्वारा एक बार एक और बड़ी कामयाबी हासिल की गई है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एसटीएफ आयुष अग्रवाल ने मामले की जानकारी देते हुये बताया कि एक व्यक्ति की हत्या के प्रकरण में थाना रानीपुर जनपद हरिद्वार के कुख्यात अपराधी बलबीर सिंह पुत्र श्रवण गिरी मूल निवासी ग्राम चिड़ियापुर थाना लक्सर हाल लेबर कालोनी सैक्टर-2 बीएचईएल रानीपुर की धरपकड़ हेतु उत्तराखंड एसटीएफ द्वारा प्रयास किये जा रहे थे। जिसके फलस्वरुप एसटीएफ टीम द्वारा पिछले 5 वर्षो से वांछित कुख्यात ईनामी हत्यारे बलबीर सिंह को देर रात हरिद्वार के रानीपुर मोड के पास से गिरफ्तार किया गया।उन्होंने बताया कि लेबर कालोनी रानीपुर हरिद्वार में 10 अगस्त 2018 को वादी की पुत्री के साथ तीन व्यक्तियों द्वारा छेड़छाड़ की घटना की गयी थी।



जिसका विरोध उसके भाई हेमन्त द्वारा किया गया तो तीनों अभियुक्तो वीर सिंह, बलवीर एवं विरेन्द्र द्वारा हेमन्त के साथ मारपीट कर उसके सिर पर चोट मारकर हत्या कर दी गयी व एवं तीनो अपराधी मौके से फरार हो गये थे। जिसमे से हरिद्वार पुलिस द्वारा एक अभियुक्त वीरेन्द्र को उसी समय गिरफ्तार कर लिया गया था। परन्तु इस घटना में शामिल अन्य अभियुक्त वीर सिंह व बलबीर सिंह तब से लगातार फरार चल रहे थे। इन दोनो अभियुक्तो की गिरफ्तारी पर पुलिस उप महानिरीक्षक गढ़वाल परिक्षेत्र द्वारा 50-50 हजार का ईनाम घोषित किया गया था। ये दोनो ईनामी हत्यारे एसटीएफ की रडार पर थे, जिनकी गिरफ्तारी को लेकर पिछले काफी समय से एसटीएफ लगातार प्रयास कर रही थी। जिसके फलस्वरुप स्पेशल टास्क फोर्स उत्तराखंड द्वारा 31 नवंबर 2023 को अभियुक्त वीर सिंह की गिरफ्तारी रामजीवाला छकड़ा थाना मण्डावर जनपद बिजनौर से की गई थी। इसकी गिरफ्तारी के पश्चात इसी मामले मे अन्य 50,000 के फरार इनामी अभियुक्त बलबीर को लेकर एसटीएफ उत्तराखंड को महत्वपूर्ण जानकारी मिली थी। जिस पर एसटीएफ लगातार कार्य कर रही थी। इस अभियुक्त के बारे में सूचना मिली कि ये अपराधी कुछ दिन पहले से रानीपुर मोड हरिद्वार स्थित न्यू पंजाब ढाबा पर तंदूर का कार्य कर रहा है। इस सूचना पर एसटीएफ की टीम द्वारा देर रात रानीपुर मोड हरिद्वार स्थित न्यू पंजाब ढाबा पर दबिश मार कर गिरफ्तार कर लिया। अभियुक्त ने पूछताछ मे बताया कि घटना के बाद से ही यह वह राजस्थान चला गया था फिर वह दिल्ली व हरियाणा मे काफी दिनों तक अपनी पहचान छिपा कर अलग-अलग होटलों मे तंदूर का काम करता रहा। कुछ दिन पहले रानीपुर मोड स्थित न्यू पंजाब ढाबे पर तंदूर का काम करने के लिए हरिद्वार आ गया था। श्री अग्रवाल ने बताया कि एसटीएफ ने इस प्रकरण मे फरार दोनों 50-50 हजार इनामी अपराधियों को पकड़ने मे विशेष रणनीति अपनाई गई। क्योंकि दोनों ही अपराधी खानाबदोश किस्म के थे। इनका कोई स्थानीय पता न होने के कारण गिरफ्तारी कर पाना बहुत कठिन हो रहा था। साथ ही दोनों ही अपराधी किसी प्रकार से मोबाईल फोन का प्रयोग नहीं करते थे और अपने घरवालों के संपर्क मे भी नहीं रहते थे। अभियुक्तों कि गिरफ्तारी पूर्णत मैनुवली सूचना पर सम्भव हो पायी है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एसटीएफ आयुष अग्रवाल के निर्देशन में एसटीएफ द्वारा अब तक 54 से अधिक खतरनाक शातिर व इनामी अपराधियों की गिरफ्तारी की

# खामियां मिलने पर कमिश्नर ने कंपनी पर लगाया जुर्माना

बाजपुर(उद संवाददाता)। मंडलायुक्त दीपक रावत ने शुक्रवार को बाजपुर पहुंचकर नमामि गंगे योजनांतर्गत बन रहे 10 एमएलडी वाटर ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) का निरीक्षण किया। मंडलायुक्त ने निरीक्षण के दौरान कई खामियां पाए जाने पर सख्त नाराजगी जाहिर करते हुए कंपनी पर जुर्माना लगाने के दिए निर्देश अधीक्षण अभियंता मृदुला सिंह को दिए। उन्होंने गुणवत्ता परीक्षण हेतु पानी में रखे गए कंक्रीट निर्मित क्यूब मिट्टी में दबे होने पर की सख्त नाराजगी व्यक्त की। मंडलायुक्त ने अपने सामने ही जेसीबी से मिट्टी हटवाकर क्यूब को देखा क्यूब्स के परीक्षण आदि के बारे में विस्तार से रजिस्टर से मिलान किया।मंडलायुक्त ने पानी से अलग रखे हुए क्यूब्स की अपने सामने गुणवत्ता परीक्षण कराया जिसमें सभी चिन्हित क्यूब (2 क्यूब ) गुणवत्ता परीक्षण में फेल हो गए। मंडलायुक्त ने पानी में रखे गए सभी क्यूब का जीबी पंत कृषि एवम प्रौद्योगिकी विश्व विद्यालय से कराने के दिए निर्देश दिए। उन्होंने कम्पनी के इंजीनियरों द्वारा सही प्रकार से व साइंटिफिक जवाब न देने पर कम्पनी के इंजीनियरों की डिग्री एवम डिप्लोमा की भी जांच कराने के दिए निर्देश। उन्होंने सभी प्रोजेक्ट्स पर कार्य कर रहे कंपनी के इंजीनियरों की डिग्री तथा डिप्लोमा की छाया प्रतियां निर्माणाधीन साइड्स पर रखवाने के भी निर्देश दिए। मंडलायुक्त ने स्पष्ट निर्देश दिए की गुणवत्ता के साथ किसी भी दशा में समझौता नहीं किया जाएगा। उन्होंने निर्माण कार्य पर पैनी नजर बनाए रखने तथा समय-समय पर निर्माणाधीन साइड्स का निरीक्षण करने के निर्देश जल निगम के अभियंताओं को दिए। उन्होंने निरीक्षण के दौरान गुणवत्ता परीक्षण से संबंधित रजिस्टर, अन्य लैब्स से प्राप्त रिपोर्ट्स का भी गहनता से अवलोकन किया। उन्होंने अनटेस्टेड क्यूब्स, रिसीविंग तथा मेकेनिकल चौंबर, घोघा नाले आदि का गहनता से निरीक्षण करते हुए महत्वपूर्ण दिशाख़ निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। मंडलायुक्त ने दभोरा मुस्तकाम पेयजल योजना का भी निरीक्षण किया। मंडलायुक्त ने दभौरा में घरख़घर पहुंचकर पेयजल कनेक्शन की जांच करते हुए 20 दिन के भीतर योजनान्तर्गत हर घर जल मुहैया कराने के निर्देश दिए। इस दौरान मंडलायुक्त ने ग्रामवासियों से भी मुलाकात करते हुए कार्यों के बारे में विस्तार से चर्चा की। मंडलायुक्त ने मुकुंदपुर एसटीपी प्लांट का भी निरीक्षण किया और महत्वपूर्ण दिशाख़निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। निरीक्षण के दौरान अधीक्षण अभियंता मृदुला सिंह, संयुक्त निदेशक अर्थ एवम संख्या राजेंद्र तिवारी, अधिशासी अभियंता ज्योति पालनी, जिला सूचना अधिकारी अहमद नदीम, कंपनी के साइड मेनेजर मनीष, जूनियर इंजीनियर वसीम खान आदि उपस्थित थे।





# दरऊ में राजेश शुक्ला का जोरदार स्वागत

किच्छा(उद संवाददाता)।पूर्व विधायक राजेश शुक्ला के चौथी बार पंडित गोविंद बल्लभ पन्त कृषि विश्व विद्यालय पंतनगर के प्रबंध परिषद के सदस्य बनने पर भारतीय जनता पार्टी ग्राम दरऊ के कार्यकर्ताओं ने फूलमाला पहनाकर जोरदार स्वागत किया। स्वागत कार्यक्रम में भाजपा उधमसिंहनगर अनूसूचित मोर्चा जिला कोषाध्यक्ष जितेंद्र गौतम ने कहा कि किच्छा से विधायक रहे राजेश शुक्ला को महामहिम राज्यपाल की सहर्ष स्वीकृति व मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी एवन कृषि मंत्री गणेश जोशी के अनुसंशा पर सरकार ने प्रगतिशील कृषक श्रेणी में पंतनगर विश्वविद्यालय प्रबंध परिषद का सदस्य नामित किया। राजेश शुक्ला विधायक रहते हुए दो बार तथा इससे पूर्व भी एक बार कुल तीन बार पंतनगर विश्व विद्यालय में प्रबंध परिषद के सदस्य रहे हैं। पूर्व विधायक राजेश शुक्ला पंतनगर विश्वविद्यालय के छात्र थे तथा हमेशा विश्वविद्यालय के शिक्षकों, छात्रों व मजदूरों व क्षेत्र के किसानों की समस्याओ के लिए समय समय पर प्रयासरत रहकर समाधान कराने का कार्य किया है। जिस कारण सरकार ने चौथी बार पंतनगर विश्वविद्यालय प्रबंध परिषद का सदस्य नामित किया है।पूर्व जिलाध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा सैय्यद इफ्तिखार मिया व पूर्व ग्राम प्रधान अमर खान ने कहा कि गरीब जनता के नेता एवन सच्चे जन सेवक राजेश शुक्ला को प्रदेश की पुष्कर सिंह धामी सरकार द्वारा चौथी बार पंतनगर विश्वविद्यालय प्रबंध परिषद का सदस्य नामित कर यह साबित किया है कि किच्छा पंतनगर क्षेत्र के आम जनमानस का सम्मान किया है। एक सच्चे जन सेवक के रूप में राजेश शुक्ला प्रत्येक गरीब मजदूर एवन आमजनमानस की समस्याओं के समाधान के लिए तत्पर रहते हैं। पूर्व विधायक राजेश शुक्ला को सरकार द्वारा प्रबंध परिषद का सदस्य नामित करने से भारतीय जनता पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता उत्साहित है। भव्य स्वागत से अभिभूत पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से वरिष्ठ समाजसेवी अमर सिंह,सभासद संदीप अरोड़ा, राजीव त्यागी, नितिन बाल्मीकि, सचिन कुमार, ग्राम प्रधान दीपक मिश्रा, बिजेंद्र यादव, ग्राम प्रधान जोगिंदर सिंह जिंदू, विजेंद्र यादव, चंदन जायसवाल, कबीर अहमद, शमीम अहमद, मेवा लाल प्रजापति, किशोर, संदीप कुमार, उत्तम, धर्मेंद्र गौतम, इकराम हुसैन, अमिताभ गौतम, राम किशन कोली, दिनेश कश्यप, प्रमोद कुमार समेत सैकड़ों ग्रामवासी उपस्थित थे।






# उत्तम दत्ता को लड्डुओं से तोला

रूद्रपुर। वरिष्ठ भाजपा नेता उत्तम दत्ता को दर्जा राज्य मंत्री बनाये जाने पर लघु उद्योग व्यापार मंडल अध्यक्ष संजीव गुप्ता, समाजसेवी संजय ठुकराल एवं विकास बंसल ने चामुंडा मंदिर शिवनगर में उनका जोरदार स्वागत करते हुए लड्डूओं से तोलकर सममानित किया। इस अवसर पर सुरेंद्र गुप्ता, मनोज गुप्ता, विशाल, मनीष गंगवार, दीपू गुप्ता, विकास आर्या, वेद प्रकाश राठौड़ ,छत्रपाल राठौर, वेद प्रकाश मौर्य, शम्मी गुप्ता, गीता गुप्ता, किशन यादव, राजेंद्र राठौड़, आदि समेत तमाम लोग शामिल थे।



# एएसपी ने गदरपुर थाने का किया निरीक्षण

गदरपुर(उद संवाददाता)। अपर पुलिस अधीक्षक ने थाने का वार्षिक निरीक्षण किया। उन्होंने आपराधिक मामलों की जानकारी लेते हुए त्वरित निस्तारण का निर्देश थानाध्यक्ष को दिया। शुक्रवार को अपर पुलिस अधीक्षक अभय प्रताप सिंह के थाने पहुंचने पर उपनिरीक्षक जितेंद्र मेहरा के नेतृत्व में पुलिस टीम ने गार्ड ऑफ ऑनर दिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मौजूद पुलिसकर्मियों से रिवॉल्वर, कार्बाइन और एसएलआर जैसे हथियार खुलवाये। अपर पुलिस अधीक्षक अभय प्रताप सिंह ने थानाध्यक्ष भुवन चंद जोशी को पुलिस कर्मियों को समय-समय पर शस्त्र प्रशिक्षण देने के भी निर्देश दिये। इस दौरान एएसपी ने थाना कार्यालय, कंप्यूटर कक्ष, जेल आवासीय कॉलोनी, पुलिस बैरक, मालगोदाम, भोजनालय व शौचालय आदि का निरीक्षण किया। उन्होंने थाने में साफ-सफाई को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये. उन्होंने प्रभारी निरीक्षक भुवन चंद जोशी से लंबित विवेचनाओं एवं आपराधिक मुकदमों की जानकारी ली और शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए। इस मौके पर सब इंस्पेक्टर पूरन तोमर, महेश चंद, सब इंस्पेक्टर कुसुम रावत,जितेंद्र मेहरा, दीपक बहुगुणा, मदन सिंह, दर्शन बिष्ट आदि मौजूद रहे।




# झोपड़ी में आग लगने से हजारों का सामान जलकर राख

गदरपुर(उद संवाददाता)। घर के अंदर जल रही लालटेन की लौ से झोपड़ी में आग लग गयी। आग से हजारों का सामान जलकर राख हो गया । सूचना पर राजस्व निरीक्षक मौके पर पहुंचे और घटना की जानकारी ली। ग्राम सरदार नगर निवासी रिंकू के घर बिजली न होने की वजह से तेल का दिया जलाकर अपने परिवार के साथ झोपड़ी में सो रहा था। गुरुवार को रात्रि करीब 12 बजे दिए से झोंपड़ी में आग लग गई। आग लगने से रिंकू की नींद खुल गई आपको देख उसके होश उड़ गए जैसे तैसे उसने परिजनों को बाहर निकाला लेकिन झोंपड़ी में रखा घरेलू सामान रिंकू निकाल नहीं पाया। देखते ही देखते आग ने भयंकर रूप धारण कर लिया। आग लगने की सूचना पर मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने बमुश्किल आग पर काबू पाया। आग की चपेट में आने से झोंपड़ी में मौजूद संदूक में रखी पांच हजार की नकदी, बिस्तर, अनाज, बर्तन और अन्य घरेलू सामान जलकर राख हो गया। सूचना पर ग्राम प्रधान सिल्की खेड़ा घटनास्थल पर पहुंची। ग्राम प्रधान सिल्की चंदरखेड़ा ने घटना की सूचना तहसीलदार देवेंद्र बिष्ट को दी । सूचना पर राजस्व निरीक्षक सतपाल सिंह मौके पर पहुंचे और नुकसान का जायजा लिया । उन्होंने अपनी जांच रिपोर्ट तहसीलदार को सौंपी है।



# रुद्रपुर के तरनजीत ने फिनलैंड में किया भारत का प्रतिनिधित्व

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। इनवोकॉन कंपनी के सह-संस्थापक और सीईओ रूद्रपुर निवासी तरनजीत सिंह को भारत सरकार ने अपने आधिकारिक प्रतिनिधि मंडल में शामिल किया है जिसके तहत उन्होंने फिनलैंड के हेलसिंकी में विश्व के सबसे बड़े 'स्टार्टअप इवेंट स्लस' में भारत का प्रतिनिधित्व कर रूद्रपुर ही नहीं बल्कि पूरे प्रदेश का नाम रोशन किया है। इस दौरान भारतीय प्रतिनिधि मंडल को फिनलैंड में भारत के राजदूत रवीश कुमार ने राजदूतावास में एक डिनर की मेजबानी की। तरनजीत ने यूरोपीय बाजार का अन्वेषण किया और वहां अपने व्यापरिक संबंधों को बढ़ाने की योजना बनाई है ताकि वह एक और विविध समृद्धि के विदेशी कंपनियों तक अपनी सेवाएं शुरू कर सकें। तरनजीत ने बताया कि इनोवेकॉन एक एंटरप्राइज टेक कंपनी है जो बड़ी कंपनियों के साथ साझेदारी करती है ताकि किसी कंपनी को छोड़ने वाले कर्मचारियों की दर की समस्याओं को डेटा का विश्लेषण करके हल कर सके और कंपनियों को क्रियाशील अंश और प्रतिक्रियाएं प्रदान कर सके। कंपनी वर्तमान में अपने ग्राहकों में एचडीएफसी बैंक, लेंसकार्ट, और नोब्रोकर को शामिल करती है। इससे पहले तरनजीत बांग्लादेश के ढाका में भारत सरकार के आधिकारिक प्रतिनिधिमंडल में भी भारत का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं।



## उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय
सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

# फिलिस्तीन की स्वतंत्रता

इजराइल-हमास संघर्ष रोकने की तमाम कोशिशें अभी तक नाकाम साबित हुई हैं। ऐसे में गाजा में मानवीय मदद मुहैया कराने के लिए युद्ध पर रोक और बिना शर्त बंधकों की रिहाई का प्रस्ताव संयुक्त राष्ट्र महासभा में पारित होने से सकारात्मक नतीजे की उम्मीद बनी है। इस प्रस्ताव पर भारत ने पक्ष में मतदान किया।इस तरह फिलिस्तीन पर इजराइल के हमले को लेकर भारत का रुख और स्पष्ट हो गया है। अक्तूबर में जब हमास ने इजराइल पर हमला किया, तो भारत ने इजराइल का साथ दिया था। तब माना जाने लगा था भारत का रुख बदल गया है। वह अपनी पुरानी फिलिस्तीन समर्थक नीति से उलट पक्ष में जा खड़ा हुआ है। तब अमेरिका और इजराइल से भारत की दोस्ती को सामने रख कर देखा जा रहा था।कई लोगों का मानना था कि भारत इजराइल और अमेरिका के विरोध में जाएगा, तो उसे भारी नुकसान उठाना पड़ सकता है, इसलिए वह फिलिस्तीन के विरोध में खड़ा है। मगर फिर जल्दी ही भारत ने फिलिस्तीन की स्वतंत्रता और संप्रभुता की हिमायत कर स्पष्ट कर दिया था कि उसका रुख बिल्कुल नहीं बदला है। इजराइल ने गाजा पर हमले तेज किए और वहां रसद, पानी, बिजली की आपूर्ति रोक दी, तो भारत ने वहां राहत सामग्री और दवाओं की खेप भी भेजी थी।संयुक्त राष्ट्र महासभा में मिस्र द्वारा लाए गए प्रस्ताव का समर्थन कर भारत ने मानवता के पक्ष में अपनी संजीदगी जाहिर की है। इजराइल ने गाजा में भारी तबाही मचाई है और उसे युद्ध कानूनों की भी परवाह नहीं रह गई है। अस्पतालों तक को नहीं बख्शा गया है। उसमें अब तक अठारह हजार से ऊपर लोगों के मारे जाने और पैंतालीस हजार से अधिक लोगों के घायल होने का अनुमान है। उनमें ज्यादातर बच्चे और महिलाएं हैं। गाजा में मौजूद लोगों तक सहायता सामग्री पहुंचाना मुश्किल है। बंधकों की रिहाई के प्रयास पूरी तरह सफल नहीं हो पाए हैं। इसलिए इस प्रस्ताव के पारित होने को एक बड़ी कामयाबी माना जा रहा है। इसके समर्थन में कुल एक सौ तिरानबे सदस्यों में से एक सौ तिरपन ने मतदान किया, जबकि केवल दस देश इसके विरोध में रहे। तेईस देशों ने मतदान में हिस्सा नहीं लिया। दरअसल, भारत इस बार इसलिए मतदान में शामिल हुआ कि इस प्रस्ताव में हमास का जिक्र नहीं था। यह मानवीय मदद पहुंचाने के लिए लाया गया प्रस्ताव था।कुछ लोगों का मानना है कि प्रस्ताव का समर्थन कर भारत ने इजराइल से नाराजगी मोल ले ली है। मगर ऐसा बिल्कुल नहीं माना जाना चाहिए। भारत अब भी हमास को आतंकी संगठन मानता है। मगर वह दूसरी तरफ फिलिस्तीन की एक देश के रूप में संप्रभुता का भी वह हिमायती है। अभी गाजा में जिस तरह के हालात हैं, उसमें मानवीयता संबंधी अंतरराष्ट्रीय कानूनों के पालन की सख्त जरूरत है। इजराइल उस तकाजे को शायद भूल चुका है। अमेरिका भी उसे मदद पहुंचाने में जुटा हुआ है और वे हमास का खात्मा करने के एकपक्षीय लक्ष्य तक पहुंचने का प्रयास कर रहे हैं। उसमें मानवाधिकारों का बड़े पैमाने पर उल्लंघन हो रहा है। भारत उसका कभी समर्थन नहीं कर सकता। इस तरह ताजा प्रस्ताव के समर्थन में मतदान करके उसने इजराइल और अमेरिका दोनों को संदेश देने की कोशिश की है कि वह किसी भी तरह के आतंकवाद के विरुद्ध है, तो मानवीय हकों के हनन के भी पक्ष में नहीं है।

# क्रिसमस और थर्टी फर्स्ट के लिए सजने लगे कैंप, बुकिंग हुई फुल



ऋषिकेश(उद संवाददाता)। क्रिसमस और थर्टी फर्स्ट की तैयारियों को लेकर हेंवलघाटी, तपोवन और शिवपुरी क्षेत्र में कैंप सजने लगे हैं। दिल्ली, हरियाणा, मुंबई, राजस्थान समेत विभिन्न प्रांतों के पर्यटक यहां पहुंचते हैं। पर्यटकों के लिए यह दिन यादगार बनाने के लिए कैंप संचालकों ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। क्रिसमस और नए साल का जश्न मनाने के लिए अब तक करीब 40 प्रतिशत सैलानियों ने ऑनलाइन बुकिंग भी कर दिए हैं। कई पर्यटक तैयारियों को लेकर पूछताछ कर रहे हैं। 25 दिसंबर सोमवार को क्रिसमस है। इससे पहले शनिवार और रविवार वीकेंड है। तीन दिन का अवकाश होने के कारण कैंप व्यवसायियों को कैंपों में भीड़ उमड़ने की उम्मीद है। हेंवलघाटी क्षेत्र अंतर्गत रत्तापानी, गरुड़चट्टी, घट्टूगाड़, मोहनचट्टी, बैरागढ़, बिजनी, नैल, शिवपुरी क्षेत्र अंतर्गत कौड़ियाला, व्यासी, गूलर और तपोवन अंतर्गत घूघतानी, पाथौं, क्यार्की आदि क्षेत्रों में पर्यटकों के लिए लग्जरी कैंप सज गए हैं। क्रिसमस और नए साल का जश्न फीका ने पड़े इसके लिए कैंप व्यवसायियों की ओर से पर्यटकों के लिए बॉर्न फायर, क्रिसमस ट्री, डीजे, केक कटिंग और आतिशबाजी आदि की व्यवस्था की जा रही है। कैंप व्यवसायी त्रिवेंद्र नेगी, अरविंद नेगी और जीतपाल ने बताया कि क्रिसमस और नए साल का जश्न मनाने के लिए कैंपों में अब तक करीब 40 प्रतिशत ऑनलाइन बुकिंग हो गई है। क्रिसमस पर तीन दिन का अवकाश होने का लाभ भी कैंप व्यवसायियों को मिलेगा। वहीं, राफ्टिंग व्यवसायियों में मायूसी है। व्यवसायियों का कहना है कि मौसम परिवर्तन होने के कारण दिसंबर और जनवरी में राफ्टिंग के शौकीनों की संख्या न के बराबर होती है। गंगा रिवर राफ्टिंग रोटेशन समिति के अध्यक्ष दिनेश भट्ट ने बताया कि ठंडा होने के कारण दिसंबर से लेकर फरवरी तक राफ्टिंग के कारोबार ठंडा रहता है। कैंपों में प्रति पर्यटक न्यूनतम एक हजार से लेकर दस हजार रुपये तक का शुल्क लिया जाता है। जिसमें उनके लिए सुबह, दोपहर और रात का खाना शामिल होता है। इसके साथ ही पर्यटकों के लिए शाम के स्नैकस और मनोरंजन की व्यवस्था भी रहती है।

# ड्रोन मेडिकल सेवा से पहाड़ी क्षेत्रों में भेजी जाएंगी दवाइयां

ऋषिकेश। अगले वर्ष जनवरी माह से एम्स ऋषिकेश ड्रोन मेडिकल सेवा शुरू करने जा रहा है। जिसके तहत यहां से प्रतिदिन ड्रोन के माध्यम से पहाड़ी क्षेत्रों में दवाइयां व अन्य चिकित्सा संबंधी सामग्री भेजी जाएंगी। एम्स प्रशासन ने इसके लिए सभी तैयारियां भी कर ली हैं।नए वर्ष में एम्स ऋषिकेश के नाम एक और उपलब्धि जुड़ने जा रही है। एम्स प्रशासन जनवरी माह में ड्रोन मेडिकल सेवा शुरू करने जा रहा है। यह सेवा केंद्र, राज्य सरकार व एम्स के समन्वय से संचालित होगी। ड्रोन मेडिकल सेवा के नोडल अधिकारी जितेंद्र गैरोला ने बताया कि पूरे देश में सेवा शुरू की जा रही है। एम्स को भी केंद्र सरकार से इस सेवा को जल्द शुरू करने के निर्देश मिले हैं। कहा कि यह सेवा चारधाम यात्रा व आपदा के दौरान काफी महत्वपूर्ण साबित होगी। पहले चरण में प्रत्येक जनपद के एक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को इस सेवा से जोड़ा जाएगा। पहाड़ी क्षेत्रों में ड्रोन से दवाई आदि भेजे जाने के लिए एम्स प्रशासन पूर्व में तीन बार ट्रायल कर चुका है। ड्रोन से दवाई भेजने वाला ऋषिकेश एम्स देश का पहला एम्स है। पहला ट्रायल 16 फरवरी 2023 को किया था। तब करीब 2 किलो भार की दवाइयां जिला अस्पताल टिहरी गढ़वाल भेजी गई थी। दूसरे ट्रायल के तहत 2 मार्च को यमकेश्वर सीएचसी में दवाई भेजी गई थी। तीसरा ट्रायल 7 अगस्त 2023 को किया गया था। जिसके तहत कोटद्वार ब्लड कंपोनेंट भेजे जा रहे थे। लेकिन ड्रोन अपने निर्धारित स्थल से कुछ दूर पहले क्रैश हो गया था। हालांकि ब्लड कंपोनेंट पूरी तरह सुरक्षित थे। इस योजना में महिला स्वयं सहायता समूह से जुड़ी महिलाओं की भूमिका भी अहम होगी। एम्स से जिस पहाड़ी स्वास्थ्य केंद्र में ड्रोन से दवाइयां या अन्य सामग्री भेजी जाएगी वहां ड्रोन से सामग्री उतराना या इस पर सामग्री चढ़ाने का कार्य महिलाएं करेंगी। इसके लिए इन्हें प्रशिक्षित किया जाएगा। इन महिलाओं को ड्रोन उड़ाने का प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। भविष्य में यही महिलाएं ड्रोन भी उड़ाएंगी। इन महिलाओं को नमो ड्रोन दीदी का नाम दिया गया है। इस योजना की शुरुआत सीएचसी चंबा से की जाएगी। ड्रोन मेडिकल सेवा के नोडल अधिकारी जितेंद्र गैरोला ने कहा कि इसके लिए चंबा कार्य योजना तैयार कर ली गई है। नमो ड्रोन दीदी के लिए यहां महिला स्वयं सहायता समूह की महिलाओं के साथ एम्स निदेशक प्रो. मीनू सिंह ने बृहस्पतिवार को बैठक भी की है। नमो ड्रोन दीदी के लिए महिलाओं का चयन भी किया गया है।

# एकल बुजुर्ग नागरिकों का अल्मोड़ा पुलिस रख रही है ख्याल

## पुलिस से परिजनों जैसा प्यार पाकर खुशी से अम्मा की आखें नम हो गई



अल्मोड़ा(उद संवाददाता)। जनपद में पुलिस टीम द्वारा थाना क्षेत्र के दूरस्थ गांवो में अकेले रह रहे बुजुर्गों से मुलाकात की गई और उन्हें आश्वस्त किया गया कि किसी भी समस्या के लिए पुलिस सदैव उनके साथ है। थाना क्षेत्र के दूरस्थ ग्राम कोठल में अकेली रह रही बुजुर्ग अम्मा के लिए भतरौजखान पुलिस सहारा बन रही है। थानाध्यक्ष भतरौजखान ने खैर खबर पूछकर जीवन निर्वाह सामग्री राशन व कंबल आदि सप्रेम भेंट कर अम्मा के चेहरे पर मुस्कान बिखेरी दी है। उन्होंने अम्मा से आशीर्वाद भी प्राप्त किया। जानकारी के अनुसार रामचन्द्र राजगुरु आपीएस वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अल्मोड़ा द्वारा जनपद के समस्त थाना/चौकी प्रभारियों को अपने-अपने थाना क्षेत्रान्तर्गत निवासरत एकल बुजुर्गों व वरिष्ठ नागरिकों की सुरक्षा के दृष्टिगत उनका विवरण थाने में रखने व समय-समय पर उनसे मुलाकात कर उनकी समस्याओं की जानकारी प्राप्त करते हुए हरसंभव सहायता प्रदान करने के निर्देश दिये गये है। थानाध्यक्ष भतरौजखान श्री मदन मोहन जोशी को जानकारी प्राप्त हुई कि राजस्व क्षेत्र से पुलिस क्षेत्र में सम्मिलित हुए ग्राम कोठल में एक 90 वर्षीय बुजुर्ग अम्मा देवुली देवी अकेली रहती है और परिवार में इनका कोई नही है। थानाध्यक्ष भतरौजखान पुलिस टीम के साथ माता जी के घर पहुंचे और अम्मा से कुशल क्षेम की जानकारी प्राप्त करते हुए उनकी स्वास्थय सहित अन्य समस्याओं के बारे में पूछा गया और बताया कि किसी भी प्रकार की समस्या होने पर भतरौजखान थाने में सूचना भिजवायें तथा हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया। भतरौजखान पुलिस द्वारा बुजुर्ग अम्मा को जीवन निर्वाह सामग्री राशन, कंबल व अन्य आवश्यक सामग्री सप्रेम भेंट की गयी तथा भविष्य में भी इसी तरह ध्यान रखने का भरोसा दिया गया। पुलिस से परिजनों जैसा प्यार पाकर खुशी से अम्मा की आखेंनम हो गई और उन्होंने पुलिस टीम को सदा खुश रहने का आशीर्वाद दिया।



# हृदय रोग के लिए जीवनशैली और विकसित होती आदतें जिम्मेदार

## लगातार तनाव, अनिद्रा और धूम्रपान, अधिक शराब का सेवन हानिकारक

देहरादून (उद संवाददाता)। मैक्स सुपर स्पेशलिटी अस्पताल, देहरादून में कार्डियक थोरेसिक और वैस्कुलर सर्जरी के डायरेक्टर डॉ. अरविंद मक्कड़ "हाल के वर्षों में युवाओं में हार्ट अटैकों में तेजी से बढ़ोतरी ने व्यापक रूप से हृदय स्वास्थ्य को प्राथमिकता देने की आवश्यकता को प्रमाणित किया है। हृदय रोग, जो वैश्विक मृत्यु का एक प्रमुख कारण है, पिछले पांच वर्षों में भारत में हृदय रोगों में भरी वृद्धि देखी गयी है। इस चिंताजनक हृदय संबंधी आपात स्थितियों और संबंधित बीमारियों में वृद्धि के लिए मुख्य रूप से हमारी आधुनिक, तेज-तर्रार जीवनशैली और विकसित होती आदतें जिम्मेदार हैं, जो 30 से 40 साल की उम्र के लोगों को प्रभावित कर रही हैं। गतिहीन जीवन शैली, लगातार तनाव, अनिद्रा और धूम्रपान जैसी हानिकारक आदतें अत्यधिक शराब का सेवन हृदय की जीवन शक्ति को नष्ट कर रहा है। इसके अलावा, मधुमेह, उच्च रक्तचाप और मोटापे की बढ़ती व्यापकता इस अनिश्चित स्थिति को और बढ़ा देती है। इसके लिए जरूरी है हृदय को स्वस्थ रखने के लिए समाज को जागरूक करने का सामूहिक रूप से प्रयास होना चाहिए है। डॉ. प्रीति शर्मा, डायरेक्टर, कार्डियोलॉजी, मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, देहरादून "गतिहीन जीवन शैली, लगातार तनाव, अनिद्रा और धूम्रपान जैसी हानिकारक आदतें अत्यधिक शराब का सेवन हृदय की जीवन शक्ति को नष्ट कर रहा है। इसके अलावा, मधुमेह, उच्च रक्तचाप और मोटापे की बढ़ती



व्यापकता इस अनिश्चित स्थिति को और बढ़ा देती है। इसके लिए जरूरी है हृदय को स्वस्थ रखने के लिए समाज को जागरूक करने का सामूहिक रूप से प्रयास होना चाहिए है। लगातार व्यायाम करना हृदय संबंधी मृत्यु दर और हृदय रोग के बढ़ने के खिलाफ एक महत्वपूर्ण कवच है। प्रत्येक सप्ताह पांच दिनों में कम से कम 30 मिनट की मध्यम-तीव्रता वाली गतिविधि, कुल मिलाकर न्यूनतम 2.5 घंटे साप्ताहिक प्राप्त करने के लिए अपनी प्राथमिकताओं के साथ अपनी पसंदीदा गतिविधि को अपनी दिनचर्या में शामिल करना हृदय के स्वास्थ्य अत्यंत लाभकारी है। डॉ. योगेन्द्र सिंह, डायरेक्टर, कार्डियोलॉजी, मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, देहरादून हृदय-स्वास्थ्य के लिए एक स्वस्थ आहार का पालन करना हृदय रोग के खतरे को कम करने के लिए महत्वपूर्ण है। एक संपूर्ण आहार में सभी महत्वपूर्ण पोषक तत्व होने आवश्यक है। स्वस्थ प्रोटीन के स्रोतों को विविध करें। हृदय स्वास्थ्य की रक्षा के लिए फ्राइड फास्ट फूड और प्रोसेस्ड विकल्पों से दूर रहना महत्वपूर्ण है। पौधों के आधारित खाद्य जैसे कि सब्जियां, फल, और पूरे अनाज ज्यादा लें, साथ ही रिफाइंड कार्बोहाइड्रेट को कम करें, खासकर उन्हें जिनमें अतिरिक्त चीनी हो। सोडियम सामग्री की निगरानी के लिए खाद्य लेबल पर सतर्क नजर रखें। भोजन की मात्रा का नियंत्रण एक स्वस्थ हृदय आहार का महत्वपूर्ण भाग है जो की हृदय के स्वस्थ रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। डॉ. पुनीश सदाना, एसोसिएट डायरेक्टर, कार्डियोलॉजी, मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, देहरादून "यह चिंताजनक है कि कई दिल के दौरे और स्ट्रोक से बचे लोग स्पष्ट चेतावनियों के बावजूद हानिकारक व्यवहार पर लौट आते हैं। इन बुरी आदतों में खराब आहार विकल्प, अपर्याप्त शारीरिक गतिविधि, खराब नींद की गुणवत्ता, अत्यधिक शराब का सेवन, धूम्रपान, दवाओं का समय पर नहीं लेना, रक्तचाप प्रबंधन की उपेक्षा और अनियमित कोलेस्ट्रॉल की निगरानी शामिल है। ये व्यवहार हृदय रोग के खतरे को काफी हद तक बढ़ा देते हैं, जिससे संभावित रूप से हार्ट फैल हो सकता है। तनाव प्रबंधन महत्वपूर्ण है, क्योंकि चिंता अनौपचारिक आदतों और उच्च रक्तचाप की ओर ले जा सकती है। मनोरंजन योग्य तनाव-राहत उपायों को खोजना, जैसे कि ध्यान या फिर फुर्सत के गतिविधियों को हृदय स्वास्थ्य के लिए महत्वपूर्ण है।

# नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी को किया गिरफ्तार

अल्मोड़ा (उद संवाददाता)। नाबालिग को बहला फुसलाकर अगवा करने के मामले में पुलिस ने आरोपी को मुरादाबाद से गिरफ्तार कर नाबालिग को बरामद कर लिया है। पुलिस के मुताबिक आरोपी किशोरी को बहलाकर अपने साथ मुरादाबाद ले गया जहां उसके साथ दुष्कर्म किया। आरोपी के खिलाफ पॉक्सो एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। बीते नौ दिसंबर को अल्मोड़ा निवासी एक महिला ने अपनी 17 वर्षीय भतीजी की गुमशुदगी की रिपोर्ट कोतवाली में दर्ज कराई। तहरीर मिलने पर



पुलिस ने उसकी खोजबीन शुरू की। कोतवाल अरुण कुमार के नेतृत्व में गठित टीम को किशोरी डीडीहाट, पिथौरागढ़ निवासी आकाश कुमार के पास थाना कटघर, प्रभात मार्केट, मुरादाबाद, यूपी में मिली। पूछताछ में किशोरी ने बताया कि आरोपी बहलाकर उसे अपने साथ ले गया और उसके साथ दुष्कर्म किया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा- 363, 366, 376 और पॉक्सो एक्ट के तहत कार्रवाई की। सीओ विमल प्रसाद ने कहा कि आरोपी को न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेज दिया। किशोरी का मेडिकल कराया गया है। पुलिस टीम में अपर उ0नि नवीन सिंह, कांस्टेबल हिमांशु ,महिला कांस्टेबल पल्लवी चौधरी आदि शामिल रहे।

# छापेमारी में पकड़ी एक कुंतल सिंगल यूज प्लास्टिक

अल्मोड़ा (उद संवाददाता)।नगर पालिका प्रशासन लगातार सिंगल यूज प्लास्टिक को लेकर नगर क्षेत्र में छापेमारी कर रहा है। पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी भारत त्रिपाठी के नेतृत्व में शुक्रवार को एलआरशाह रोड पर



छापेमारी की गई इस दौरान एलआर शाह रोड पर एक दुकान से लगभग एक कुंतल सिंगल यूज प्लास्टिक बरामद की जिसके बाद प्लास्टिक जब्त कर नियमानुसार कार्यवाही की गई। अधिशासी अधिकारी भारत त्रिपाठी ने बाजार में सब्जी मंडी नियाजगंज राजपुर में कई दुकानदारों पर चालान की कार्रवाई की

# ठगी के आरोप में जेल में बंद पीआरडी जवान निलंबित

रूद्रपुर। छह दिन पहले रुपये दोगुना करने का लालच देकर ठगी करने वाले गिरोह में पकड़े गए पीआरडी जवान को जिला युवा कल्याण अधिकारी ने निलंबित कर दिया है। इसके साथ ही उसका नाम रोल पंजिका से हटाते हुए भविष्य में विभाग और गैर विभाग की ड्यूटी से विमुख कर दिया है। बीते नौ दिसंबर को पुलिस ने असली नोट को नकली बताकर दोगुना करने का झांसा देने वाले गिरोह का खुलासा किया था। इस मामले में जेल में बंद पीआरडी जवान विरेंद्र को निलंबित कर दिया गया है। जिला युवा कल्याण अधिकारी भूपेंद्र सिंह रावत ने बताया कि एसएसपी ने पत्र भेजकर जानकारी दी थी कि विरेंद्र संगठित गिरोह में शामिल होकर लोगों के साथ मारपीट कर पैसा छीनने की घटनाओं में शामिल था और वर्तमान में वह हल्द्वानी जेल में बंद है। पीआरडी एक्ट के तहत आपराधिक कार्यों में संलिप्तता पाए जाने पर उसे निलंबित किया गया है। गिरोह ने आठ दिसंबर को दो लोगों को दो लाख रुपए दोगुना करने का झांसा दिया था। इसके बाद रुद्रपुर बुलाकर उनसे दो लाख रुपए छीन लिए थे। रुपये छीनने वालों ने खुद को पुलिस कर्मी बताया था। पुलिस ने पीआरडी जवान विरेन्द्र निवासी ग्राम बिन्दुखेड़ा रुद्रपुर, जीशान अहमद निवासी ग्राम इटारी थाना तालगांव सीतापुर, यूपी और छिन्दर निवासी ग्राम धौरा ढाम नजीमाबाद किच्छा को लम्बाखेड़ा मोड काशीपुर रोड रुद्रपुर से गिरफ्तार किया गया था। अभियुक्तों के कब्जे से छीने गए 1,50,000 रुपये और तीन मोबाइल फोन बरामद किए गए थे। इस मामले में शामिल लियाकत उर्फ पिंटू निवासी धौराडाम किच्छा और हल्द्वानी के बनभूलपुरा थाने में तैनात सुरेन्द्र निवासी ग्राम बिन्दुखेड़ा फरार चल रहे हैं।

# चिकित्सकों को खुद करनी पड़ी अस्पताल में सफाई

जसपुर(उद संवाददाता)। चिकित्साधिकारी के साथ हुए विवाद के चलते सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में सफाई कर्मचारी एवं वार्ड ब्वाय कार्य बहिष्कार पर रहे जिस कारण अस्पताल के डॉक्टरों को ओपीडी के बाद अपने-अपने कक्ष एवं अस्पताल परिसर की सफाई करनी पड़ी। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. हितेश शर्मा ने बताया कि बुधवार की रात इमरजेंसी में सर्जन डॉ. पुनीत बंसल की ड्यूटी थी। रात में गंभीर हालत में एक मरीज लाया गया था। ड्यूटी पर तैनात कर्मचारियों ने कोई सहयोग नहीं किया। उन्होंने कर्मचारियों को इमरजेंसी रूम से बाहर बैठने के लिए कह दिया। इससे आक्रोशित कुछ कर्मचारी बृहस्पतिवार को ड्यूटी पर नहीं आए और उन्होंने कार्य बहिष्कार किया। उन्होंने बताया कि काम पर नहीं आने पर कर्मचारियों को काम पर लौटने का नोटिस दिया गया है। उधर, दोनों कर्मचारियों का कहना है कि उनके हाथों में दर्द था इस वजह से काम नहीं किया। सीएमओ मनोज शर्मा ने बताया कि कोई कर्मचारी हड़ताल पर नहीं रहा। यदि कर्मचारी हड़ताल करते हैं तो अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

# पहलवान की सड़क हादसे में मौत के मामले में मुकदमा दर्ज

गदरपुर(उद संवाददाता)। नगर क्षेत्र में बीते दिनों सड़क हादसे में उत्तर प्रदेश रामपुर के पहलवान की मौत हो गई थी। मृतक के पुत्र ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ लापरवाही से ट्रैक्टर चलाने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। हादसे में पीड़ित परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। गदरपुर थाना क्षेत्र झगड़पुरी के पास 11 दिसंबर को रामपुर के स्वार थाना के पहलवान मोहम्मद आरिफ गदरपुर विवाह समारोह में शामिल होकर लौटते वक्त अज्ञात ट्रैक्टर चालक के द्वारा बिना दाएं बाएं देखें लापरवाही से तेज गति से चलकर अचानक सड़क पर चढ़ा दी जिससे पहलवान की बाइक की ट्रैक्टर के साथ टक्कर होने से मौत हो गई थी। पहलवान के पुत्र मोहम्मद आकिब की तहरीर पर गदरपुर पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ धारा 279 तथा 304-। के तहत मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस घटनास्थल पर आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज से ट्रैक्टर चालक की पहचान करने मे जुटी है।

# बुलेट चालक के खिलाफ दर्ज हुआ एक्सीडेंट का मुकदमा

काशीपुर(उद संवाददाता)। बुलेट मोटरसाइकिल को तेजी व लापरवाही से चलाकर महिला को टक्कर मारते हुए उसे गंभीर रूप से घायल करने के एक मामले में पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी। घटना के बारे में पुलिस को तहरीर देकर ढकिया नंबर एक कुंडेश्वरी काशीपुर निवासी आशुतोष तिवारी पुत्र स्वर्गीय सत्य प्रकाश तिवारी ने बताया कि बीते 29 सितंबर को अपराह्न बाद लगभग 3:00 बजे से 4:00 बजे के बीच उसकी मां सुनीता तिवारी एक अन्य महिला सुरेश देवी के साथ ढकिया नंबर एक स्थित ऑटो स्टैंड से काशीपुर जाने के लिए जैसे ही ई-रिक्शा में बैठने लगी इसी दौरान गोविंद नगर ढकिया कला कुंडेश्वरी काशीपुर निवासी गुरजीत सिंह पुत्र त्रिलोचन सिंह ने बुलेट मोटरसाइकिल संख्या यूपी 85ए/6015 को तेजी व लापरवाही से टक्कर मारकर महिला को गंभीर रूप से घायल कर दिया। एक्सीडेंट की इस घटना में महिला की पसली टूट गई इसके अलावा उसका हाथ फैक्चर हो गया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी बुलेट चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी।

# सीएम ने दी विजय दिवस की शुभकामनायें

देहरादून। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने विजय दिवस के अवसर पर भारतीय सेना, भूतपूर्व सैनिकों एवं प्रदेशवासियों को बधाई दी है। उन्होने कहा कि भारत के सैन्य इतिहास में 16 दिसम्बर भारतीय सशस्त्र सेनाओं के साहस, समर्पण और बलिदान को याद करने का ऐतिहासिक दिन है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस दिन भारतीय सैनिकों के साहस व बहादुरी के सामने नतमस्तक होकर पाकिस्तानी सेना के हजारों सैनिकों को आत्मसमर्पण करना पड़ा था। उन्होंने कहा कि देश की रक्षा के लिए हमारे वीर सैनिक हमेशा तत्परता के साथ अपना योगदान देते है जिस पर हमें गर्व है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखण्ड, देवभूमि के साथ ही वीर भूमि भी है। यहां सदैव देशभक्ति व राष्ट्र के प्रति समर्पण की भावना रही है। देश की सीमाओं की रक्षा के लिए वीर सैनिकों द्वारा किए गए सर्वोच्च बलिदान को हमेशा याद रखा जायेगा। उन्होंने कहा कि देश की रक्षा के लिए हमारे वीर सैनिक हमेशा तत्परता के साथ अपना योगदान देते हैं। देश की सीमाओं की रक्षा के लिए वीर सैनिकों द्वारा किए गए सर्वोच्च बलिदान को हमेशा याद रखा जायेगा।

## पेज एक का शेष...

**हॉस्टल में फांसी..**का रहने वाला था। बताया जा रहा है कि मृतक का रूममेट इन दिनों घर गया हुआ था, मृतक छात्र कमरे में अकेला था। पुलिस आशंका जता रही है कि छात्र ने कल रात ही यह खौफनाक कदम उठा लिया। पुलिस को मृतक के पास से एक सुसाइड नोट बरामद हुआ है। जिसमें उसने अपनी मां को लेकर भावुक बातें लिखी है। फिलहाल मौत की वजह स्पष्ट नहीं है। पुलिस मामले की तफ्तीश में जुट गई है।

**विजय दिवस पर ..**सैनिक कल्याण सचिव दीपेंद्र चौधरी ने कहा कि आज ही के दिन पाक सेना ने हमारे सैनिकों के समक्ष आत्मसमर्पण किया था। विजय दिवस सेना के शौर्य व पराक्रम का दिवस है। एडमिरल (सेनि) ओम प्रकाश राणा ने 1971 में नेवी के विभिन्न मिशन के बारे में बताया। कहा कि तीनों सेनाओं के बेहतर समन्वय से ही हम विजय रहे। आज धरातल पर दिखता है कि काम हो रहा है। मेजर जनरल (सेनि) समीर सबरवाल ने कहा कि हमें ऐसे नेताओं का हाथ पकड़कर चलना चाहिए जो परिवार से ज्यादा देश हित के बारे में सोचें व उन्नति के शिखर पर पहुंचाएं। कहा कि देश में आज बदलाव आया है, सभी मानते हैं कि देश सुरक्षित है।

**सड़क हादसे में ..**बजे दुर्घटना में घायल ऑटो चालक ने दम तोड़ दिया। मृतक की पत्नी सुनीता की हालत अभी गंभीर बनी हुई है। मृतक के एक पुत्र अक्षित 20 वर्ष तथा एक पुत्री निशा पाल 22 वर्ष है। दोनों अविवाहित है। अचानक घटी घटना को लेकर परिवार में कोहराम मचा है।

**सरकारी नौकरी ..**वह बार बार झूठा आश्वासन देता रहा पैसे वापस मांगने पर जान से मारने की धमकी दी जाने लगी। एसएसपी के निर्देश पर थाना पुलिस ने मामले की रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**मौत का हाईवे..** की निष्क्रियता के कारण आए दिन गंभीर दुर्घटनाएं घटित हो रही है। जिसमें लोगों को जान से हाथ धोना पड़ रहा है लेकिन इसके बाद भी यातायात की उच्चाधिकारी समस्या का कोई सार्थक हल नहीं ढूंढ़ पा रहे हैं। ट्रैफिक पुलिस की इंटरसेप्टर गाड़ी फिलहाल सफेद हाथी साबित हो रही है। हालात कुछ ऐसे हैं कि हाईवे पर वाहनों की स्पीड बेतहाशा है और इस पर अंकुश लगाने की कोई उपाय नहीं किया जा रहे हैं। अधिकांश दुर्घटनाओं में वाहनों की स्पीड अत्यधिक होना प्रकाश में आया है।

**नगदी और जेवर..**सात वर्ष और पांच वर्ष के दो बच्चों को छोड़कर घर से पुरार हो गयी। वह अपने साथ घर से 40 हजार की नगदी, सोने का कुण्डल, मंगल सूत्र, चांदी की पायल, कमर बंध, सोने की अंगूठी भी समेटकर ले गयी। पति का कहना है कि उसकी पत्नी के किसी गैर मर्द के साथ सम्बंध हैं। उसकी पत्नी का प्रेमी उसे मोबाइल पर जान से मारने की धमकी दे रहा है।

**नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद गदरपुर के गृहकर अभिलेखानुसार वार्ड नं0 10 में क्रमांक 56 पर श्रीमति सायदा पत्नी जमील का नाम अंकित है। श्रीमति सायदा की दिनांक 30/04/2021 को मृत्यु हो चुकी है। उत्तरजीवी प्रमाण पत्र के आधार पर श्री जमील अहमद पुत्र रफीक अहमद के नाम से नामान्तरण होना है। जिसकी पत्रावली प्रस्तुत कर गृहकर अभिलेखों में नामान्तरण करने के लिए अनुरोध किया गया है। जो कि गृहकर अभिलेखों में श्री जमील अहमद पुत्र रफीक अहमद निवासी वार्ड नं0 10 आजाद नगर गदरपुर के नाम नामान्तरण हेतु प्रस्तावित है। उपरोक्त नामान्तरण में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन तिथि के 30 दिन के भीतर अपनी लिखित आपत्ति पालिका कार्यालय में मय साक्ष्यों सहित प्रस्तुत कर सकते हैं। बाद-मियाद आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा। विवाद की दशा में सक्षम न्यायालय का आदेश मान्य होगा।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद, गदरपुर ( उधम सिंह नगर )**

**संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा**

स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित

**सम्पादक-परमपाल सुखीजा समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र**

आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।

**E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in**

फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# पीएम मोदी के संकल्प में सभी का योगदान जरूरी: पाण्डे

## मिदनापुर पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा, विभिन्न योजनाओं से लाभार्थियों को किया जागरूक





दिनेशपुर(उद संवाददाता)। विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मिदनापुर में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका स्थानीय विधायक अरविंद पांडे, जिलाधिकारी उदयराज सिंह, सीडीओ विशाल मिश्रा, बीजेपी जिलाध्यक्ष गुंजन सुखीजा ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर शुभारंभ किया। कार्यक्रम में विधायक अरविंद पांडे ने अधिकारियों, गणमान्य नागरिकों तथा उपस्थित जनसमूह को विकसित भारत की शपथ दिलाई गई। श्री पांडे ने कहा कि सरकारी योजनों का लाभ जन-जन तक पहुंचाने के लिए ग्राम स्तर पर विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि दूरस्थ क्षेत्र को जनता भी आसानी से योजनाओं का लाभ उठा सकती है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा जन कल्याण हेतु अनेक योजनाएं चली जा रही हैं। पांडे ने कहां विकसित भारत संकल्प यात्रा इसलिए चलाई जा रही है जिससे सरकार ने आम जनता के लिए जो भी कार्य किया है उसे दूर-दूर तक उसका प्रचार प्रसार किया जा सके जो आर्थिक रूप से पिछड़ा हुआ वर्ग जाति धर्म समस्त चीजों को हटाते हुए सभी को एक सूत्र में बात कर समस्त आम जनमानस को सरकार की सभी योजनाओं का लाभ मिल सके पहले हमारे घर में माताएं बहने गोबर के उपले कंधों से खाना बनाती थी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा उजाला गैस योजना का लाभ हर घर घर तक पहुंचा और आयुष्मान कार्ड जिसमें 5 लाख तक का मुफ्त इलाज है प्रत्येक आम जनमानस तक पहुंचा विकसित भारत संकल्प यात्रा गरीबों के उत्थान के लिए है मोदी उन्होंने कहा मोदी के संकल्प में सभी का योगदान हमें चाहिए उन्होंने कहा 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प नरेंद्र मोदी द्वारा लिया गया है और यह उनका ही नहीं है हमारा भी संकल्प है यह संकल्प हम सब का होना चाहिए जल जीवन मिशन के तहत सभी के सभी को घर-घर स्वच्छ जल मिल रहा है । जिलाधिकारी उदयराज सिंह ने कहा कि लाभार्थीपरक योजनाओं के संतृप्तीकरण हेतु लक्षित लाभार्थियों तक समयबद्ध रूप से पहुँचाने हेतु विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हमारा उद्देश्य है कि ज्यादा से ज्यादा लोग कार्यक्रमों में पहुंचकर एक ही स्थान पर विभिन्न योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाएं। उन्होंने सभी पात्र व्यक्तियों से अधिक से अधिक लाभ उठाने का आह्वान किया। उन्होंने मुख्य विकास अधिकारी के निर्देशन में की जा रही तैयारियों तथा कार्यक्रमों की प्रशंसा करते हुए सभी की हौंसला अफजाई की। कार्यक्रम में दो महिलाओं को महालक्ष्मी किट, दो महिलाओं को गैस सिलेण्डर वितरित किए गए। होम्योपैथिक विभाग द्वारा 109, आयुर्वेदिक विभाग द्वारा 87 लोगों का नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण व दवाई किया गया जबकि चिकित्सा विभाग द्वारा बीस व्यक्तियों का निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण एवम दवाई वितरण करने के साथ ही दस आयुष्मान कार्ड बनवाए गए, दो टीबी रोगियों की स्क्रीनिंग की गई। पशुपालन विभाग द्वारा 25 पशुओं हेतु नि:शुल्क दवाई वितरित की गई तथा 16 पशुपालकों के किसान क्रेडिट कार्ड बनवाए गए। उद्योग विभाग द्वारा 88 व्यक्तियों, मत्स्य विभाग द्वारा 43 व्यक्तियों, सेवायोजन विभाग द्वारा 62 व्यक्तियों को अपने अपने विभाग से संबंधित योजनाओं की जानकारी दी गई। कृषि विभाग द्वारा 63 किसानों को विभिन्न योजनाओं की जानकारी देने के साथ ही 35 कृषि निवेश वितरण से संबंधित कार्य किए गए और दो हजार रुपए के बीज व उपकरण बेचे गए, उद्यान विभाग द्वारा 250 रूपए के बीज एवम उपकरण बेचे गए। कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग, मत्स्य विभाग, उद्यान विभाग, गन्ना विकास विभाग, नलकूप विभाग, खाद्य विभाग, पेयजल विभाग, समाज कल्याण विभाग, कृषि विभाग, बाल विकास विभाग, विद्युत, पंचायतीराज, ग्राम्य विकास, उद्योग आदि विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर योजनों की जानकारी दी गई। विभागीय अधिकारियों द्वारा उपस्थित लाभार्थियों को प्रचार वाहन के माध्यम से विभागीय अधिकारियों द्वारा समस्त विभागों की जनकल्याणकारी योजनाओं जैसे-आत्मा योजना, के.सी.सी. और प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, प्राकृतिक कृषि एवं मृदा स्वास्थ्य कार्ड, पी.एम.के.एस.वाई. योजना, पी.एम. उज्जवला योजना इत्यादि योजनाओं से सम्बन्धित जानकारी प्रदान की गयी तथा योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार किया गया एवं मौके पर लाभार्थियों को सम्बन्धित विभागों द्वारा राजसहायता पर निवेशों / सामग्रियों का वितरण किया गया। कार्यक्रम बीजेपी जिलाध्यक्ष गुंजन सुखीजा द्वारा भी अपने विचार व्यक्त किए गए। कार्यक्रम में सीडीओ विशाल मिश्रा, एसडीएम गौरव पांडे, सहायक निदेशक मत्स्य संजय छिमवाल, जिला समाज कल्याण अधिकारी अमन अनिरुद्ध, जिला प्रोबेशन अधिकारी व्योमा जैन, मुख्य कृषि अधिकारी एके वर्मा, मुख्य उद्यान अधिकारी भावना जोशी, सहित विजय मंडल, भोला शर्मा व क्षेत्रीय जनता उपस्थित थी।

## आरएएन के विद्यार्थियों का विभिन्न खेलों में राज्य स्तर पर चयन



रूद्रपुर (उद संवाददाता)।आर. ए. एन. पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों का खेल महाकुंभ प्रतियोगिता के अंतर्गत विभिन्न खेलों में राज्य स्तर पर चयन हुआ है। यशस्वी चौहान एवं मन्नत सती का जूडो में, सक्षम जोशी एवं देव शर्मा का टेबल टेनिस में, अक्षरा जैन, प्रियंका मनोचा, ऋषिका भट्ट तथा कृतिका बिष्ट का वॉलीबॉल के लिए,प्रज्ञान बिष्ट कराटे में, करण सिंह बिष्ट एवं मोहुल शर्मा ने फुटबॉल में जिला स्तर पर स्वर्ण पदक प्राप्त किया और राज्य स्तर के लिए चयनित होकर विद्यालय की प्रतिष्ठा में चार चांद लगा दिए। इस खेल महाकुंभ में आदेश गांधी टेबल टेनिस कांस्य पदक, सृष्टि वशिष्ठ, आयुषी शाही ताइक्वांडो रजत पदक, अनिक चौधरी, मनस्वी धामी और भविषा भट्ट ने ताइक्वांडो में कांस्य पदक जीता। विद्यालय संस्थापक विंग कमांडर एच. के. राय, संचालक मोहित राय, संचालिका श्रीमती निधि राय तथा प्रधानाचार्या श्रीमती भावना भनोट ने अभिभावक गण को बच्चों की इस सफलता के लिए बधाई दी और विद्यार्थियों को खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

## ई-ग्राहक सेवा ऐप का दिया प्रशिक्षण

सितारगंज (उद संवाददाता)। ग्राहक जागरूकता को लेकर अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत उधम सिंह नगर की जनपद कार्यकारिणी की ओर से ग्राहक जागरण एवं प्रबोधन के अंतर्गत रोजगार सृजन के लिए ई ग्राहक सेवा ऐप का निशुल्क प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन सभागार, सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज किच्छा रोड सितारगंज में किया गया।कार्यक्रम में प्रशिक्षक जय गणेश द्वारा ग्राहकों एवं व्यवसाय के उत्थान हेतु ई-ग्राहक सेवा ऐप का प्रशिक्षण निशुल्क दिया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग समरसता प्रमुख संतोष मिश्रा ने की।मुख्य वक्ता के रूप में अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत के राष्ट्रीय संगठन मंत्री दिनकर सबनीस ने समाज में ग्राहकों को जागरूक रहने हेतु संगठन द्वारा किए जा रहे कार्यों के बारे में विस्तार पूर्वक चर्चा की।साथ ही स्वर्ण जयंती समारोह समिति अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत उत्तराखंड के प्रांतीय अध्यक्ष उच्च न्यायालय नैनीताल के वरिष्ठ अधिवक्ता विनोद नौटियाल ने उत्तराखंड में संगठन द्वारा किए जा रहे ग्राहक अधिकारों के बारे में जानकाप्रदान की। कार्यक्रम में नगर सितारगंज के वरिष्ठ जन दयाराम जिंदल, श्रीपाल सिंह राणा,राजेश शैली, मदन मोहन मिश्रा,कल्याण सिंह, उमराव सिंह मनराल,मुकेश श्रीवास्तव, आशीष पांडे, सुनील, लोकेश,अमित खरे, ऋषभ, मोहन , क्षेत्रीय संगठन मंत्री लखन सिंह, डा हेमंत सिंह चौहान, डा भूपेंद्र गंगवार, डा संदीप मिश्रा, हिमांशु उपाध्याय, राजेश मुंजाल आदि उपस्थित रहे।



# एक साथ परिणय सूत्र में बंधे दस जोड़े

## पांच आनंद कारज एवं पांच सनातन पद्धति से करवाए गए विवाह





गदरपुर(उद संवाददाता)। ऊधमसिंह नगर जिले की तहसील गदरपुर के एक बारात घर में एक सामाजिक संस्था की ओर से आयोजित सामुहिक विवाह कार्यक्रम मे दस जरूरत मंद परिवारों के जोड़ों के वैवाहिक कार्यक्रम सम्पन्न हुए, पांच जोड़ों के आनंद कारज गुरुद्वारा श्री गुरु हरगोबिंद सर नवाबगंज में बाबा अनूप सिंह की देखरेख में रागी भाई हरजीत सिंह एवं ग्रंथी भाई जसवीर सिंह द्वारा अरदास करके संपन्न करवाए गए। पांच जोड़ों के विवाह सनातन पद्धति के अनुसार पंडित विजय कुमार शास्त्री एवं पंडित नवीन मिश्रा द्वारा संपन्न किए गए।इस दौरान संस्था की ओर से नवविवाहित जोड़ों को जरूरत के घरेलू सामान के अलावा सोने का मंगल सूत्र भी भेंट किए गए, इस अवसर संस्था के संरक्षक ओम प्रकाश सिह गरीबदास, अध्यक्ष बलदेव सुखीजा ने बताया कि बीते 15 वर्षो से संस्था के द्वारा लगभग 700 विवाह कराये जा चुके है, प्रतिवर्ष दिनांक 15 दिसम्बर को यहां सामुहिक वैवाहिक कार्यक्रम सम्पन्न कराये जाते हैं कार्यक्रम में अटूट लंगर की भी व्यवस्था करायी जाती है ।कार्यक्रम में भारत विकास परिषद की कार्यकारिणी के दीपक सुधा,प्रमोद गगनेजा, प्रमोद बजाज,अशोक भुसरी, लेखराज तनेजा, गोपाल अरोड़ा, विजय अरोड़ा, नरेंद्र सिंह ग्रोवर,प.विजय शास्त्री एवम नवीन मिश्रा,अजय कालड़ा,महेंद्र कालडा, अजय कालड़ा, ऋषि छाबड़ा, वीरेंद्र छाबड़ा, विजय सुखीजा, कृष्ण सुधा, नरेंद्र छिम्वाल, अशोक भुड्डी, कृष्ण लाल बेहड़,मंगत वधवा, संजीव अनेजा, मदनलाल, पत्रकार शाहनूर अली राजेंद्र छाबड़ा, देवेंद्र सिंघ सहित सैंकड़ों लोग उपस्थित थे ।

### ये जोड़े विवाह के बंधन में बंधे

गदरपुर। रीना रम्पुरा काजी एवं बख्शीश रम्पुरा काजी, कमलजीत कौर लालपुर एवं विजेंद्र खानपुर पश्चिम,पूनम राजपुर फतेहगंज एवं मनीष राजपुर फतेहगंज, सरस्वती संतोष नगर एवं विष्णु कूल्हा ,प्रिया बन्नाखेड़ा एवं रोहित मजरा गुमानी,संजना बरैहनी एवं चंद्रपाल रम्पुरा कालाढूंगी,रीना कौर सरोवर नगर एवं करण सिंह शक्ति फार्म, बीना कौर ककराला एवं कुलवंत सिंह नजीमाबाद, महक रानी लंगड़ा भोज एवं अमन सिंह चनकपुर,अमरो बाई रम्पुरा काजी एवं गुरनाम चंपतपुर को आशीर्वाद दिया गया।